• जयपुर, रविवार, 12 मई 24 • वर्ष 13 • अंक 252 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीक़ों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
• स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 नगर पालिका के नियमों की उड़ रही है सरेआम धज्जियां...
पेज @4 पेयजल की गंभीर समस्या के निवारण के तहत संघर्ष समिति...
पेज @8 नारी की आत्मनिर्भरता की पूंजी, भारत की समृद्धि की...

## इंडी गठबंधन वाले हार मान चुके हैं, शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी : पीएम मोदी

चतरा/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद ही इंडी गठबंधन वाले अपनी हार मान चुके हैं। उन्हें इतनी भी सीटें नहीं मिलने जा रही कि लोकसभा में विपक्ष की मान्यता मिल सके।

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलने जा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने चतरा से भाजपा के कालीचरण सिंह और हजारीबाग सीट से मनीष जायसवाल के लिए वोट मांगे और कहा कि आज उमड़ी भीड़ बता रही है कि 4 जून के नतीजे क्या होंगे।

झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को भ्रष्ट बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चोरों-लुटेरों को आपका बेटा मोदी जेल भेजकर रहेगा। झारखंड के कांग्रेस सांसद, मंत्री, मंत्री के पीए और पीए के नौकर के घर से जिस तरह नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं, उससे शर्म से आंखें झुक जानी चाहिए, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जब कर्मचारियों के घरों से करोड़ों निकल रहे हैं तो इनके मालिकों के घर से कितना निकलेगा।

आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद के लोग पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। आंध्र प्रदेश में इन लोगों ने यही किया। इनकी चली तो ये देश में भी यही करेंगे। बाबा साहेब अंबेडकर भी धर्म के नाम पर आरक्षण के पक्ष में नहीं थे, लेकिन इंडी गठबंधन वाले यह मानने को तैयार नहीं। लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर पीएम ने कहा कि बिहार और झारखंड में जंगल राज लाने वाले ने खुलकर कहा है कि आपका आरक्षण मुसलमानों को दिया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक तो इन्होंने आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति बनाने की राह में रोड़े अटकाने की कोशिश की और अब उन्हें अपमानित कर रहे हैं।



### पीएम मोदी बोले- राष्ट्रपति मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन, तो कांग्रेस नेता ने की शुद्धिकरण की बात

नई दिल्ली/एजेंसी।

ओडिशा के बरगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता नाना पटोले के राम मंदिर का शुद्धिकरण करने वाले बयान को लेकर करारा जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में रामलला के दर्शन करने गई थी। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में जाकर पूजा-अर्चना की और उन्होंने देश के कल्याण के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा। एक आदिवासी बेटी और देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामलला के दर्शन करके आई, तो उसके दूसरे दिन कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता ने घोषणा की कि अब हम राम मंदिर गंगाजल से धोकर इसका शुद्धिकरण करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि ये देश का, आदिवासी समाज का और माताओं-बहनों का अपमान है। ऐसे लोगों को भारत की राजनीति में रहने का हक नहीं है। अब मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने वाली कांग्रेस की लोकसभा या विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर जमानत जब्त होनी चाहिए।

### मणिशंकर के बयान पर बरसे पीएम मोदी, कहा

## मरे पड़े लोग इस देश के मन को भी मार रहे हैं

कंधमाल/एजेंसी।

ओडिशा के कंधमाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के 'पाकिस्तान को सम्मान देना चाहिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है' वाले बयान पर पलटवार किया। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बार-बार अपने ही देश को डराने की कोशिश करती है। वह कहते हैं संभल कर चलो पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग देश के मन को भी मार रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस का हमेशा ऐसा ही रवैया रहा है, ये पाकिस्तान की बम-बम करते हैं, आज पाकिस्तान की हालत यह है कि अब वह बम बेचने के लिए निकले हैं। कोई खरीदने वाला मिल जाए। लेकिन, लोगों को उनकी बम की क्वालिटी का भी पता है वो माल भी बिकता नहीं है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के इसी कमजोर रवैये के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक भुगता है। देश ने इतने आतंकी हमले झेले हैं जो देश भूल नहीं सकता। आतंकियों को सबक सिखाने के बजाए ये लोग आतंकियों के साथ बैठक करते थे। 26/11 के मुंबई के भयंकर आतंकी हमले के बाद इनकी हिम्मत नहीं हुई कि वे आतंकवाद के सरपरस्त पर कार्रवाई करें, क्योंकि कांग्रेस-इंडी गठबंधन को लगता था अगर हम कार्रवाई करेंगे, तो हमारा वोट बैंक नाराज हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 26 साल पहले आज के दिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और हमने यह दिखा दिया था कि देशभक्ति से ओतप्रोत सरकार, देश हित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश के लोगों की अपेक्षा के लिए कैसे काम करती है।

### ताजा खबर

### कांग्रेस और राजद गठबंधन देश के विभाजन की नींव तैयार कर रहा : योगी



**बेगूसराय/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि एक तरफ दुनिया डिजिटल युग में प्रवेश कर रही है और दूसरी तरफ बिहार में लालू प्रसाद यादव फिर से लालटेन युग लाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और राजद को राम-द्रोही बताते हुए कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच बन चुका है और रामद्रोहियों के भीतर पाकिस्तान प्रेम उमड़ रहा है।

बेगूसराय में भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन देश के विभाजन की नींव तैयार कर रहा है। ऐसे में सभी को एकजुट होकर इनकी जमानत जब्त करानी चाहिए।

योगी आदित्यनाथ ने बिहार की जनता से पूछा कि क्या वे नये भारत का नया बिहार बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि उन लोगों की सरकार के वक्त जब देश में आतंकी घटनाएं होती थीं तब बहाना बनाया जाता था कि ये घटनाएं सीमा पार से हो रही हैं।

### बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश, अदालत बोली- काफी सबूत हैं



**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली की अदालत ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए काफी सबूत हैं। कुश्ती महासंघ के पूर्व बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से यौन उत्पीडऩ का केस चल रहा है। इस मामले में अब अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय करने की बात कही है। बृजभूषण के अलावा उनके सहयोगी विनोद तोमर के खिलाफ आरोप तय किए जाएंगे। दोनों के खिलाफ 6 महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया था। दोनों के खिलाफ 5 महिला पहलवानों के यौन उत्पीडऩ को लेकर सेक्शन 354 और 354 के तहत आरोप तय होंगे। इसके अलावा दो महिला पहलवानों से उत्पीडऩ के मामले में सेक्शन 506 (भाग 1) के तहत आरोप तय होंगे।

### दरभंगा में तेजस्वी यादव की हुंकार, कहा-

## मुझे नहीं, पीएम मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत

दरभंगा/एजेंसी।

दरभंगा लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव प्रचार का दौर अब से कुछ देर में थम जाएगा। तमाम राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोनकी में एक चुनावी सभा को संबोधित किया और भाजपा सरकार को निशाने पर लिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि ललित यादव के हाथ में लालू यादव ने लालटेन थमाया है। हम आप सभी लोगों से अपील करने आए हैं कि लालटेन छाप पर बटन दबा कर ललित यादव को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। ललित यादव के हाथ मे जब-जब लालटेन थमाया गया, तब-तब वह विजयी हुए। इन्होंने विधायकी में छक्का मारा है, दरभंगा सीट से जीत दर्ज करने के बाद ललित यादव दरभंगा में परिवर्तन लाने का काम करेंगे।



तेजस्वी यादव ने कहा की कमर में परेशानी की वजह से डॉक्टर ने आराम करने को कहा है। मेरे कमर की हड्डी में चोट है। कमर पर लगाए बेल्ट को दिखाते हुए उन्होंने कहा, हम अभी बेल्ट लगा कर घूम रहे हैं। मैंने डॉक्टर से कहा कि आप बोल रहे हैं तीन सप्ताह आराम करने के लिए, इसमें तो चुनाव खत्म हो जाएगा। मैंने डॉक्टर को कहा, अभी तेजस्वी बेड रेस्ट नहीं लेगा। जब तक पीएम मोदी को हम हटा नहीं देते तब तक हमें बेड रेस्ट की जरूरत नहीं है, मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत है।

### कल सुबह 6 बजे खुलेंगे बाबा बद्रीनाथ धाम के कपाट

**बद्रीनाथ/एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार 12 मई को सुबह 6 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल रहे हैं। उत्तराखंड के चार धामों में से तीन धाम श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन खुल चुके हैं। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। कपाट खुलने को लेकर बद्रीनाथ मंदिर को पुष्पों से सजाया जा रहा है। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बद्रीनाथ धाम पहुंच गए हैं और लगातार श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। दानदाताओं की ओर से जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया है। बद्रीनाथ में मौसम सर्द है और पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है। वहीं मंदिर के आसपास और सडक की बर्फ गल चुकी है और दिन में धूप खिली हुई है।

### भाजपा के संविधान में उम्र को लेकर नहीं है कोई व्यवस्था, नरेंद्र मोदी ही आगे भी रहेंगे पीएमः जेपी नड्डा

नई दिल्ली/एजेंसी।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अरविंद केजरीवाल द्वारा 75 वर्ष की उम्र पूरी हो जाने पर पीएम मोदी द्वारा पद से हटने के बयान को खारिज करते हुए कहा है कि भाजपा के संविधान में उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है और नरेंद्र मोदी ही आगे भी देश के प्रधानमंत्री रहेंगे। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि केजरीवाल और पूरा इंडी गठबंधन चुनाव में विफलता का अहसास कर बौखला गए हैं। देश को भटकाना और भ्रमित करना ही इनका उद्देश्य है। पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हर तरफ़ मोदी जी को जनता का प्रचंड आशीर्वाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री के सामने न तो इनके पास कोई नीति है न ही कोई कार्यक्रम है। अब मोदी के उम्र का बहाना लेकर रास्ता ढूंढ रहे हैं।

नड्डा ने पार्टी के संविधान का जिक्र करते हुए आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

जनता जानती है मोदी जी का कण-कण और क्षण-क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है और अपने अगले 5 वर्षों के कार्यकाल में मोदी देश को नए शिखर पर ले जाएंगे। विपक्ष खुश न हों, कोई मुग़ालता ना पाले। मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी हमारा नेतृत्व करते रहेंगे। इंडी गठबंधन और बेल पर जेल से बाहर आए नेता भी जानते हैं कि आएगा तो मोदी ही, रहेगा तो मोदी है, भारत को मज़बूत बनायेगा तो मोदी ही।


## फर्जी एनओसी के जरिये ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में फोर्टिस अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ गिरफ्तार

### दलालों से पूछताछ में मिले सबूत

जयपुर/एजेंसी।

ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने फोर्टिस अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ को गिरफ्तार किया है। दलालों से पूछताछ करने पर कई अन्य सबूत मिले हैं। गिरफ्तार नर्सिंग स्टाफ सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल का काम किया करता था।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के मुताबिक फोर्टिस का गिरफ्तार नर्सिंग स्टाफ आरोपी भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप बारां के हरनावदा का रहने वाला है। अब पुलिस भानू और दलालों के सीधे संपर्क में रहने वाले डॉक्टर्स की भूमिका पता लगाने में जुटी है। इसके अलावा इस मामले में फरार चल रहे मैड सफर के अन्य डायरेक्टर राज कमल व दलाल मोहम्मद मुर्तजा अंसारी को पकडऩे के लिए जयपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।





आरोपी भानू से पूर्व में एसीबी भी पूछताछ कर चुकी है। जब एसीबी ने आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया था, उसने अस्पताल आना ही बंद कर दिया। ऐसा उसने फोर्टिस प्रबंधन के कहने पर किया था। तब से वह गांव में ही रहा था।

एसीबी ने फर्जी एनओसी के लिए रिश्वत लेते हुए सवाई मानसिंह अस्पताल के एएओ गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) गौरव सिंह, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह, अंग प्रत्यारोपण के मामले में एमओयू की गई कंपनी मैड सफर के डायरेक्टर सुमन जाना और दलाल सुखमय नंदी से पूछताछ से की गई पूछताछ में भानू की भूमिका संदिग्ध मिली। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रोजाना दलालों के संपर्क में रहकर उन्हें अवैध कामकाज में मदद करता था।

### 'खतरनाक मिशन पर काम कर रहे हैं मोदी': केजरीवाल

## केजरीवाल का दावा, अगर मोदी जीते तो अमित शाह होंगे पीएम, योगी को भी दो महीने में निपटाएंगे

नई दिल्ली/एजेंसी।

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सियासी रण में कूद पड़े है। आम आदमी पार्टी के दफ्तर में मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया कि मोदी ने बहुत प्रताडऩा दी है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी वन नेशन वन लीडर नामक खतरनाक मिशन चालू रख रखा है। वह विपक्ष के सारे नेता को निपटा देंगे और उनकी राजनीति खत्म कर देंगे। आज वह विपक्ष के सारे नेताओं को जेल भेज दिया। उत्तर से दक्षिण तक के कई नेताओं को जेल में बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर ये चुनाव जीत गए तो सीएम योगी आदित्यनाथ को दो महीने में निपटा देंगे। ये शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, वसुंधरा राजे का करियर खत्म कर दिया। ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव जेल में होंगे। उन्होंने कहा कि ये तानाशाह देश के सभी नेताओं को खत्म कर देंगे। इसलिए मैं आज आपसे भीख मांगने के लिए आया हूं कि मेरे देश को बचा लो। मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझे 20 दिन दिए हैं। मैं देश में बचाने के लिए पूरे देश का भ्रमण करूंगा।



### भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई मुझसे सीखेंः केजरीवाल

» उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से लडऩा है तो केजरीवाल से सीखो। एक बार मेरे हाथ एक ऑडियो हाथ लगी। एक मंत्री किसी दुकानवाले से 5 लाख रुपये मांग रहा था। ये बात किसी विपक्ष को नहीं पता था, मीडिया को नहीं पता था। मैंने उसे पार्टी से निकाल दिया। इसी तरह पंजाब का एक मंत्री भी इसी भ्रष्टाचार में शामिल था। मैंने उसे पार्टी से निकाल दिया। भगवंत मान बोले– अबकी बार 400 पार नहीं, अबकीइस दौरान हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के पहुंच जाने से अंदर खचाखच भीड़ हो गई। इसको देखकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह प्रेस कांफ्रेंस नहीं बल्कि रैली बन गई।

# ‘मां’ संबोधन ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है।

मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा व देखभाल करती है। सो, मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। बाद में उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों की सुख-सुविधाओं को ले चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

**जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।**

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है। नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।। -यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरुआत हुई। ‘मदर्स डे’ मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं।

विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है। दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व



ललित गर्ग

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋष्ण से उऋष्ण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं।

विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। ‘मां’ शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी



प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।’ एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं।

अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए ‘माँ’ शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके ‘चरणों की दासी’ बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अतः नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अधःपतन होता गया।

मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है। मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन पर किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

# नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल को नमन



योगेश कुमार गोयल

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है। 12 मई को उनकी 204वीं जयंती है। उनके सम्मान में सारी दुनिया हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाती है इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों का सम्मान भी किया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार ने 1973 में नर्सों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की। यह पुरस्कार हर साल अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटैलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच भाषा सीखी। इतिहास और दर्शन शास्त्र का अध्ययन किया। अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है।

दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग



की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्किये भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी।

फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरुआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ओबीसी, एससी, एसटी का कोटा काटकर मुसलमानों को आरक्षण देने पर अड़ी कांग्रेस



रमेश शर्मा

स्वाधीनता संघर्ष में असहयोग आंदोलन के साथ खिलाफत आंदोलन को जोड़कर कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टीकरण की जो नींव रखी थी। वह आज भी यथावत है। स्वतंत्रता के बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के माध्यम से मुसलमानों को धार्मिक विशेषाधिकार, बक्फ बोर्ड को संपत्ति के अतिरिक्त अधिकार देने जैसे निर्णय के बाद अब कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण कोटे में कटौती करके मुसलमानों को आरक्षण देने की ओर बढ़ रही है। दक्षिण भारत के चार प्रांतों और पश्चिम बंगाल में यह योजना लागू हो चुकी है। अब कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर भी लागू करने का संकेत दे दिया है। देश की अठारहवीं लोकसभा चुनाव प्रचार में मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आरोप है कि कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी कोटे में कटौती करके मुस्लिम समाज को आरक्षण देना चाहती है। यद्यपि कांग्रेस के वचनपत्र में मुसलमानों को आरक्षण देने की स्पष्ट घोषणा नहीं है। लेकिन कांग्रेस के ताजा घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों के अधिकार पर एक बिन्दु ऐसा है जिसमें मुस्लिम आरक्षण का स्पष्ट संकेत है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुस्लिम तुष्टीकरण के अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जो उनके घोषणापत्रों में नहीं थे। फिर भी निर्णय हुए। 1954 में पं जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने कानून बनाकर बक्फ बोर्ड के गठन और संपत्ति के जो अधिकार दिये गये, और समय समय पर बक्फ बोर्ड के अधिकारों को और सशक्त किया।

यह कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में नहीं था। इसी प्रकार एक महिला शाहबानो के गुजारा भत्ता देने के लिए अदालत का निर्णय आया। राजीव गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 1986 में संविधान में संशोधन करके यह निर्णय अप्रासंगिक कर दिया था। यह भी कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं था। तब यह आवश्यक नहीं है कि भविष्य में तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस और उनके सहयोगी दल कोई निर्णय लें वह घोषणापत्र में हो ही। फिर भी 2024 के घोषणापत्र में एक बिन्दु ऐसा है जिसमें मुस्लिम आरक्षण देने के वचन की स्पष्ट झलक मिल रही है। कांग्रेस ने इस बार चुनाव घोषणापत्र को "वचनपत्र" नाम दिया है। इसमें "वचन" दिया गया है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, लोकनिर्माण विभाग के अनुबंध, और कौशल विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। सहयोग करना एक बात है और सुनिश्चित करना बिल्कुल दूसरी बात। "भागीदारी सुनिश्चित" तो केवल संविधान या सरकार के निर्णय के द्वारा ही संभव हो सकती है।

दूसरा इसमें अल्पसंख्यक शब्द का उपयोग किया गया है। कांग्रेस और कुछ सरकारों का इतिहास गवाह है कि वे भले अल्पसंख्यक शब्द का उपयोग करते हों पर इसका लाभ सदैव मुस्लिम समाज को ही मिला है। जबकि मुस्लिम समाज भारत में दूसरी बड़ी आबादी है। अल्पसंख्यकों की श्रेणी में तो पारसी, सिख, बौद्ध और जैन आते हैं। भारत में इनकी आबादी मुसलमानों से बहुत कम है फिर भी अल्पसंख्यक कल्याण की विशेष योजनाओं का लाभ पारसी, जैन या सिखों को कभी नहीं मिलता। भारत में सात प्रांत ऐसे हैं जिनमें हिन्दू अल्पसंख्यक हैं फिर भी उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिलता। भारत के दो प्रांतों कश्मीर और लक्षयद्वीप में मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, इन राज्यों में भी अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित योजनाओं का लाभ उन्हे ही मिलता है। अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का लाभ पारसी, जैन सिख आदि वास्तविक अल्पसंख्यकों की बजाय भारत की दूसरी बड़ी आबादी होने के बावजूद केवल मुसलमानों को मिले, यह सब रास्ते कांग्रेस सरकार के दौर में ही बने। इसलिए कांग्रेस के ताजा वचनपत्र के शब्दों में यही संकेत मिलता है।

वचनपत्र की शब्दावली के अतिरिक्त एक कारण और भी है। दक्षिण भारत में कांग्रेस नेतृत्व की राज्य सरकारों और केरल की वामपंथी सरकार ने बहुत पहले ही मुसलमानों को आरक्षण देना शुरू कर दिया है। वर्ष 2009, 2014 और 2019 के इन राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय स्तर भी मुस्लिम समाज को आरक्षण देने का आश्वासन दिया था। अभी जिन प्रांतों में मुस्लिम आरक्षण लागू हुआ वहा आरक्षित वर्गो के लिए निर्धारित कोटे में ही सेंध लगाई गई है। आरक्षण लागू करने की अधिकतम सीमा पचास प्रतिशत है जो एससी एसटी और ओबीसी के लिए निर्धारित है। यदि किसी अन्य वर्ग को आरक्षण की सूची में शामिल किया जाता है तो एससी एसटी और ओबीसी के कोटे में ही कटौती होगी। दूसरा धार्मिक आधार पर मुस्लिम समाज को आरक्षण देना संविधान की मूल भावना के भी विपरीत है। भारत का संविधान धर्म निरपेक्षता का संदेश देता है। इसमें धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह संविधान की भावना के विरुद्ध है। इससे बचने के लिए कांग्रेस, वामपंथी और उनके सहयोगी दलों ने पिछले दरबाजे से रास्ता निकाला है। इन राज्यों ने मुस्लिम समाज के जिन लोगों को आरक्षण दिया गया, उन्हें ओबीसी वर्ग में जोड़ दिया गया। इन राज्यों में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक हैं। कर्नाटक में पिछली बार जब भाजपा सरकार में आई थी तो उसने मुसलमानों को आरक्षण सुविधा बंद कर दी थी। लेकिन अब कर्नाटक में पुनः कांग्रेस सरकार आ गई और मुस्लिम आरक्षण आरंभ हो गया। इन राज्यों के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार ने आजीविका के आधार पर मुस्लिम समाज के कुछ लोगों को ओबीसी सूची में डालकर आरक्षण देना आरंभ कर दिया। वामपंथी स्वयं को धर्म निरपेक्ष होने का दावा करते हैं लेकिन मुसलमानों के हित संरक्षण और सनातन परंपराओं पर हमला करने में वे "सेकुलरिज्म" भूल जाते हैं। यदि वामपंथी धारा को सेकुलरिज्म का स्मरण होता तो केरल में मुस्लिम आरक्षण लागू न होता। केरल सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए ओबीसी कोटे में एक उपवर्ग बनाया है। इस उपवर्ग कोटे में मुसलमानों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। वर्तमान में केरल की सरकारी नौकरियों में मुस्लिम हिस्सेदारी 12 प्रतिशत और व्यावसायिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में 8 प्रतिशत है। दक्षिण भारत का एक अन्य राज्य तेलंगाना है। तब यहां मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने ओबीसी वर्ग के अंतर्गत मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण शुरू किया था। तेलंगाना की वर्तमान सरकार इसे बढ़ाकर 12 प्रतिशत करना चाहती है। तेलंगाना विधानसभा में इस संबंधी प्रस्ताव भी पारित हो गया। लेकिन केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने स्वीकृति देने से इनकार कर दिया। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस वर्ष 2004 से मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास कर रही है। वाईएस राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 2004 में मुसलमानों को उनके वर्ग के आधार पर ओबीसी में शामिल कर-के पांच प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया था लेकिन आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। बावजूद इसके जून 2005 में कांग्रेस सरकार अध्यादेश लाई और मुसलमानों को पाँच प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया।

पश्चिम बंगाल में यह काम वर्ष 2011 से हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल करके आरक्षण लागू कर दिया। दक्षिण भारत की एक अन्य तमिलनाडु सरकार ने मुस्लिमों और ईसाईयों में प्रत्येक के लिए 3.5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। यह आरक्षण भी ओबीसी वर्ग के अंतर्गत है। वस्तुतः इतने आरोप लगने के बाद भी कांग्रेस यह स्पष्ट नहीं कह रही कि वह मुसलमानों को आरक्षण सूची में शामिल नहीं करेगी बल्कि कोटा बढ़ाने की बात कह रही है। तुष्टीकरण की दिशा में कांग्रेस की सक्रियता का समय सौ वर्ष से भी अधिक हो गया है। अंग्रेजों ने खलीफा परंपरा समाप्त कर दी थी। इस परंपरा का भारत से कोई संबंध नहीं था फिर भी अंग्रेजों के इस निर्णय के विरुद्ध उतनी आवाज तुर्की और सऊदी अरब में नहीं उठी जितनी भारत में कांग्रेस ने उठाई थी। अब यह मुस्लिम समाज के नेतृत्व की कूटनीतिक दृष्टि थी या कांग्रेस की अदूरदर्शिता कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के लिए आरंभ असहयोग आंदोलन में खिलाफत आंदोलन को भी जोड़ दिया। इससे न केवल कट्टरपंथी ताकतों को बल मिला। तुष्टीकरण के मार्ग पर बढ़ी कांग्रेस केवल खिलाफत आंदोलन तक ही सीमित न रही।

मालाबार हिंसा पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया और अंग्रेजों द्वारा लोकल असेम्बलियों के चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवारों को अतिरिक्त अधिकार देने पर कांग्रेस की सहमति में भी तुष्टीकरण नीति की झलक है। पाकिस्तान की मांग को लेकर 16 अगस्त 1946 को मुस्लिम लीग ने डायरेक्ट एक्शन के नाम पर पंजाब और बंगाल में भारी रक्तपात किया था। यह विवरण इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इसके बाद भी सितम्बर 1946 में बने भारत के अंतरिम मंत्रीमंडल में और दिसम्बर 1946 में बनी संविधान सभा में मुस्लिम लीग के प्रतिनिधियों को स्वीकार करने पर भी कांग्रेस पर सवाल उठे थे। यद्यपि ये दोनों निर्णयों का सुझाव अंग्रेजों ने दिया था लेकिन कांग्रेस द्वारा सहमति दिये जाने को तुष्टीकरण ही माना गया था।

भारत और पाकिस्तान एक ही धरती के भू-भाग पर बने। दोनों को स्वतंत्रता भी साथ मिली। पर पाकिस्तान ने किसी के प्रति तुष्टीकरण का भाव न अपनाया। वह अपनी ही राह चला। लेकिन भारत ने अंग्रेज और मुसलमान दोनों के प्रति तुष्टीकरण का भाव अपनाया । वह भी अपने बहुसंख्यक निवासियों के हितों को सीमित करके। आने वाला प्रत्येक क्षण भविष्य के गर्भ में है। भविष्य के सत्य का स्वरूप तो समय की यात्रा में ही स्पष्ट होगा पर कांग्रेस की अतीत यात्रा का इतिहास और दक्षिण भारत के प्रांतों में आरक्षण की सूची में जिस प्रकार मुस्लिम समाज को शामिल करने का मार्ग बनाया है उसी से यह विचार सशक्त होता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय स्तर पर भी मुसलमानों को आरक्षण देने की जुगाड़ बिठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

### बिना निर्माण मंजूरी के किया जा रहा है निर्माण कार्य अधिकारी नहीं कर पा रहे उचित कार्रवाई

# नगर पालिका के नियमों की उड़ रही है सरेआम धज्जियां

## नगर पालिका के निर्देशों से भी नहीं रूक सका अवैध निर्माण कार्य

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)** जिले का है मामला, बयाना में प्रार्थी ने बताया कि,नगर पालिका में बिना मंजूरी के निर्माण कर रहे , मनोज कुमार पुत्र सुरेश चंद शर्मा निवासी मैन बाजार दाऊजी मन्दिर के पास कस्बा वैर जिला भरतपुर निवासी हैं प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र उपखंड कार्यालय बयाना में प्रेषित किया, उपखंड कार्यालय द्वारा आदेश लिखित में दिये जांच के दिए आदेश फिर भी नगर पालिका नहीं कर पाई कार्यवाही प्रार्थी का एक प्लॉट भगवती कॉलोनी शिव मंदिर के पास स्थित है दिनांक 14/10/2022 से न्यायालय में विचाराधीन है सिविल न्यायाधीश एडीजे1 के स्थानांतरण हो जाने के कारण मनोज पुत्र सुरेश चंद शर्मा निवासी मैन बाजार दाऊजी मन्दिर के पास कस्बा वैर तहसील वैर जिला भरतपुर निवासी हैं।,ने इसका फायदा उठाते हुए मनोज मुकेश विष्णु पुत्रान सुरेश चंद शर्मा निवासी वैर ,ने प्लॉट पर हिम्मत के बल पर निर्माण चालू कर दिया जिसकी सूचना नगर पालिका को दी गई उपखंड अधिकारी बयाना प्रार्थना पत्र के माध्यम से लिखित में कार्य को रुकवाने एवं कार्रवाई करने के आदेश प्रदान किए गए थे। नगर पालिका ने मनोज, मुकेश, विष्णु, पुत्रान सुरेश चन्द्र शर्मा निवासी मैन बाजार दाऊजी के मंदिर के पास कस्बा वैर तहसील जिला भरतपुर निवासी हैं मनोज को नोटिस जारी कर दिया। मनोज ने नोटिस को भी प्राप्त कर लिया। फिर भी निर्माण चालू रहा । आज दिनांक 09 मई 2024 को पर दूसरा नोटिफिकेशन नोटिस जारी किया गया तब भी निर्माण चालू रहा है प्लॉट पर नोटिस चिपका दिया गया फिर भी कार्य जारी रहा धीरे-धीरे लोहे का गेट भी चढ़ा दिया गया निर्माण भी चालू हो गया नोटिस के जवाब डॉक्यूमेंट फर्जी साबित किए गए उन पर नगर



पालिका अधिशासी ने ध्यान नहीं दिया उसे गौर से पढ़ा नहीं बात पर अमल कर दिया अधिकारी ने ध्यान से दस्तावेजों की जांच नहीं की, प्रार्थी ने बताया पार्वती देवी के नाम की रजिस्ट्री को मनोज पुत्र सुरेश चंद शर्मा ने अपने नाम की रजिस्ट्री बता दिया और फर्जी स्टाप जो भरतपुर से लिखा गया उसे पेश किया गया जिसमें एफआईआर 420 बी सी की बयाना थाने में दर्ज है और बेदखल का फर्जी स्टांप पेश किया गया। लेकिन नगर पालिका ने इसकी संपूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त नहीं की इसके बाद नगर पालिका ने उन्हें प्लॉट पर चस्पा नोटिस जारी कर दिया और कर्मचारियों के द्वारा प्लॉट पर चस्पा दिया फिर भी मनोज बगैरह की हौसले बुलंद है किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती मामला यह है मनोज ने किसी प्रकार की निर्माण स्वीकृति नगरपालिका से बनाने की अनुमति नहीं ले रखी है प्रार्थी ने बताया प्लॉट पार्वती के नाम से रजिस्ट्री की गई थी पार्वती की मृत्यु 18/ 9/ 2018 को मृत्यु हो गई हो गई थी पार्वती देवी ने अपने जीवन काल में ही सभी पुत्रों को का हिस्सा बराबर कर दिया था प्रार्थी शशिकांत का प्रारंभ से ही कब्जा रहा और दीवार दोनों ओर कि प्रार्थी ने कर दी थी ।लेकिन मनोज पुत्र सुरेश ने एक स्टांप भरतपुर से अपने नाम से लेकर के उसे भरतपुर से सन 2001 में लिखवा लिया मनोज ने एक स्टांप को लिया जिसकी उम्र उस समय की 2 वर्ष की दिखाई गई है जिसका सबूत भी प्रार्थी के पास मौजूद है। दो साल के बच्चे ने भरतपुर से स्टाफ अपने नाम से लिया और पार्वती देवी के फर्जी साइन किया और ना मालूम गावह न कोई अता-पता नहीं उसका कोई नाम पता नहीं यह जानकारी स्टाफ की प्रार्थी को नगर पालिका में जब मनोज बगैरह की पटटे की पत्रावली से प्राप्त हुई। फाइल की नकल लेकर के मालूम हुआ कि उन्होंने फर्जी स्टाप से ही नगर पालिका से पट्टा लेने की कोशिश की तो नगर पालिका में प्रार्थी के द्वारा आपत्ति लगा दी गई फिर भी मनोज ने ताकत के बल पर पट्टे लेने की कोशिश की , जो न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे हैं उनकी भी प्रति लगा दी गई और उस फाइल को लगातार बड़ी कार्रवाई से रोका गया ।इस समय मनोज बगैरह कोर्ट के आदेश को भी कुछ नहीं समझा और नगर पालिका द्वारा जो निर्माण की मंजूरी नहीं है। नगरपालिका बयाना में मनोज, मुकेश, विष्णु, पुत्रान सुरेश चंद शर्मा निर्माण कर रहे हैं प्रार्थी अकेला है उसके पास पैसे की ताकत नहीं है एक किराए के मकान में रहता है आज लगभग उसको 14 साल हो चुके हैं प्रार्थी ने और मनोज, विष्णु, मुकेश, सिविल न्यायालय बयाना में दर्ज है प्रार्थी के द्वारा सच्चाई सामने पेश की गई डॉक्यूमेंट भी पेश किए गए कागजात भी पेश किए गए लेकिन नगरपालिका द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। एक गरीब परिवार की पुलिस थाना बयाना भी नहीं सुन पा रहा पुलिस थाना भी इस तरह मिल चुका है एक गरीब व्यक्ति की सुनने वाला कोई नहीं एक गरीब व्यक्ति प्रार्थी के बच्चों और पत्नी को मारने की कोशिश की जा रही है। कहा जा रहा है कि अगर तू प्लॉट पर आएगा तुझे जान से खत्म कर देंगे। पुलिस में एफआईआर दर्ज 2022 में कराई गई थी लेकिन आज तक पुलिस ने अपनी फाइल को थाने पर दबा के रख रखा है प्रार्थी ने सभी जगह शिकायत करने के बाद कोर्ट में भी 210 का प्रार्थना पत्र लगाने के बाद भी पुलिस उसे फाइल को कोर्ट में पेश नहीं कर पा रही। प्रार्थी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है की पुलिस थाना बयाना मुल्जिम तो मनोज, मुकेश, विष्णु, पुत्रान सुरेश चन्द्र शर्मा निवासी वैर से मिल चुकी है। इन आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद मीणा जो वर्तमान में बयाना तहसीलदार भी हैं, ने बताया नोटिस पर तो मेरे हस्ताक्षर तो करें है ।पर मुझे इस बात का पता नहीं है किस स्थान के नोटिस थे कल मैं देखता हूं। मीडिया द्वारा पूछा गया कल तो छुट्टी है अधिकारी द्वारा बताया गया कि मैं कल करवाई करवाता हूं कर्मचारी दीपक से में जानकारी प्राप्त करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण की शुद्वता में पक्षियों का अहम योगदान-रविनाथ दास

- **परिण्डे लगाना और पक्षी रक्षा का संकल्प**
- **सीताराम गुप्ता के सानिध्यं में लग रहे परिण्डे**

**चमकता राजस्थान। हलैना (राजवीर सिंह)** समृद्व भारत अभियान एवं श्री बनखण्डी भक्त मण्डल की ओर से कस्वा हलैना के प्राचीन बनखण्डी आश्रम पर श्रीमहन्त रविनाथदास महाराज तथा निदेशक सीताराम गुप्ता के सानिध्यं में पक्षी बचाओ-परिण्डे लगाओ अभियान के तहत गर्मी के मौसम में पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए परिण्डे लगाए और पर्यावरण प्रेमियों की गोष्ठी हुई। जिसमें सभी ने 11-11 परिण्डे लगाने तथा पक्षी व वन जीव-जन्तुओं के सरंक्षण का संकल्प लिया। श्रीमहन्त रविनाथदास महाराज ने कहा कि पक्षी हमारे मित्र है,जो पर्यावरण की शुद्वता बनाए रखने में अहम भूमिका अदा निभाते है। इनकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का धर्म है,पक्षियों को पीने के पानी के लिए परिण्डे लगाए और प्रतिदिन परिण्डे में जल भराव करे। साथ ही जंगल, बाग-बगीचा व घर के आंगन में परिण्डे लगाए और डीपवोर वाले स्थान पर अस्थाई प्याऊ का निर्माण करा कर जल भराव करे। उन्होने कहा कि निदेशक सीताराम गुप्ता एवं उनकी टीम ने पक्षी बचाओ-परिण्डे लगाओं अभियान के अलावा पीडित परिवार की तत्काल मदद कर नेक काम जारी किया है,ये काम भी सराहनीय है। ऐसे कार्य से आमजन में जागरूकता आती है। साथ ही सामाजसेवा,शिक्षा,चिकित्सा आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किए है,जिनकी देश-विदेश में लोग सराहना करते है। समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि कस्वा हलैना एवं आसपास के गांवों के पक्षी व वन जीव-जन्तु प्रेमियों ने निदेशक सीताराम गुप्ता से पक्षियों को परिण्डे उपलब्ध कराने का आग्रह किया,उन्हे परिण्डे उपलब्ध कराए,जो कस्वा हलैना के धार्मिक,सार्वजनिक,जंगल आदि लगाए गए। वन प्रेमी पूरन सिंह नम्बरदार,जल सिंह चैधरी, अत्तर सिंह सैनी,विष्णु कुमार आदि ने परिण्डे लगाकर प्रतिदिन जलभराव का संकल्प लिया।

### ट्यूबवैल पर सो रहे अधेड़ की मारपीट कर हत्या, मामला दर्ज

- **पुलिस अधीक्षक सहित एफएसएल व डॉग स्क्वायड की मौजूदगी में जांच पडताल**
- **पुलिस ने मेडीकल बोर्ड से कराया शव का पोस्टमार्टम, नदबई क्षेत्र के गांव पहरसर का मामला**

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव पहरसर के जंगल में बने ट्यूबवैल पर संदिग्ध स्थिति में एक अधेड़ का शव मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पडताल की। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला सामने आने पर जिला एसपी मृदुल कच्छावा, एडीशनल




एसपी रामकल्याण मीना, पुलिस सीओ पूनम भरगढ़ एफएसएल ने डॉग स्क्वयड़ टीम की मौजूदगी में जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने नदबई उपजिला चिकित्सालय में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया ।पुलिस के अनुसार गांव पहरसर निवासी मृतक सरमन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा देर रात खेत में बने निजी ट्यूबवैल पर सोने गए। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर सरमन की हत्या कर दी। शनिवार सुबह घर नही पहुंचने पर परिजन ट्यूबवैल पर पहुंचे। जहां ट्यूबवैल के बहार अधेड़ का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। वही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। जिला एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने एफएसएल व डॉग स्क्वयड़ टीम की सहायता से साक्ष्य एकत्रित कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। बाद में मृतक के पुत्र कपिलदेव शर्मा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## अनूठी पहल मदरसा मुफीदुल इस्लाम में मनाया मदर्स डे पर नवप्रवेशी बच्चों का सम्मान

### मदरसा के उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अंक तालिका पाकर खुश हुए

- **राजस्थान के हर मदरसे में लागू होंगे नये नयें आधुनिक सकारात्मक नवाचार : रफीक खान एकेडमिक अधिकारी मदरसा बोर्ड**
- **मदरसा मुफीदल इस्लाम में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स डे**
- **हर व्यक्ति की सफलता के पीछे रहता है मां का हाथ:- अकिला बानों**




चमकता राजस्थान

**जयपुर/ झुंझुनूं।(खलील कुरैशी)।-** मदरसा मुफीदल इस्लाम में शनिवार को मदर्स डे धुमधाम से मनाया गया। मदर्स डे के उपलक्ष में मदरसा मुफीदुल इस्लाम ने अनूठी पहल करते हुए मदरसे अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की माताओं आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान मदरसा बोर्ड के एकेडमिक अधिकारी मोहम्मद रफीक खान थे। उन्होंने कहा कि मदरसे में प्रवेशोत्सव के माध्यम से मदर्स डे मनाकर मदरसा मुफीदुल इस्लाम ने राजस्थान में एक अनूठी पहल की। विशिष्ठ अतिथि अब्बास खत्री ने कहा कि मां दया, ममता और त्याग की मूर्ति है। मदरसे की हैड शिक्षा अनुदेशक अकिला बानों छात्र-छात्राओं की माताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि मां से ही संसार है। बच्चों का माता के प्रति कितना ऋष्ण है वे जीवन भर नहीं उतार सकते हैं। इस दौरान मदरसे की छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग प्रस्तुति दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एंव अपनी मां के प्रति अपना प्रेम व उनके हौसले को सलाम व्यक्त किया। इस अवसर मदरसे में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। वहीं मदरसे में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण उन्हें अंक तालिका देकर उनके चेहरे खिल उठे।

**ये गणमान्यजन रहे मौजूद**

» इस मौके पर मकबूल हुसैन, अब्दुल रहीम, हाजी सत्तार तंवर, अनवर सय्यद, अब्दुल हमीद, वसीम कुरैशी, फारुक सौलंकी, फराज खान, अकिला बानों, समीरा बानों, रुकसार सहित मदरसा स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। मंच संचालन अब्दुल हमीद खान ने किया।

## दिल्ली से 58 महिला हज यात्री बिना महरम के हज मुबारका के पाक सफर पर हुई मदीना रवाना

- **हज कमेटी आफ़ इंडिया के अधिकारियों और महिला कर्मचारियों ने फूल और चॉकलेट भेंट की।**

**चमकता राजस्थान। जयपुर/दिल्ली ( खलील कुरैशी)।** हज 2024 के लिए भारतीय हज यात्रियों का 10 इम्बार्केशन पॉइंट से प्रस्थान जारी है। आज दिल्ली इम्बार्केशन के आईजीआई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सउदीया एयरलाइंस के दो विमानों मे लगभग 800 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए। जिसमें बिना महरम के 58 महिला भी




हज बैतुल्लाह के लिए रवाना हुईं। गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मामलों और महिला एवं बाल मंत्री ने प्रधानमंत्री की महिला अधिकार नीति को और मजबूत करते हुए 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को बिना महरम अकेले हज पर जाने का अवसर प्रदान किया है। इस नीति के तहत 2024 में 4665 महिलाएं अकेले हज कर सकेंगी, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक,महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की महिलाओं की है। इस अवसर पर हज कमेटी आफ़ इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारीयों विशेष कर महिला कर्मचारीयों ने आईजीआई हवाई अड्डे पर हज यात्रियों, विशेषकर बिना महरम वाली महिला हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। सीईओ डॉ. लियाकत अली अफाकी, डिप्टी सीईओ नजीम अहमद के साथ महिला स्टाफ ने फूल और चॉकलेट देकर रुखसत किया। डॉ. अफाकी ने इस अवसर पर सभी हज यात्रियों से भारत सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। धैर्य रखें और उन कमियों को नज़रअंदाज़ करें जो तमाम प्रयासों के बावजूद रह जाती हैं। हज की इबादत में मशगूल रहें और दुआ करें कि पूरे विश्व खासकर हमारे देश भारत मे शांति, व्यवस्था, मानवता और भाईचारे का माहौल स्थापित रहे।

### कारीगरों को दिया पर्यावरण की शुद्वर्ता,इंधन बचत एवं स्वाथ्य लाभ का ज्ञान

## कुम्भकारों को आईआईटी विशेषज्ञ टीम ने सिखाए मिट्टी वर्तन निर्माण के गुर

चमकता राजस्थान

**हलैना (राजवीर सिंह)** आईआईटी रूटेग नई दिल्ली एवं समृद्व भारत अभियान टीम नेकस्बा बसवा में मिट्टी वर्तन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और इस व्यवसाय से जुडे कारीगर व अन्य मजदूरों को मिट्टी के वर्तन पकाने की आधुनिक भट्टी व चाक,स्वास्थ्य बचाव,जीवन रक्षा कवच,धुआं रहित भट्टी,बाजार,पर्यावरण की शुद्वता,कर्म इंधन में अधिक लाभ आदि का ज्ञान सिखाया। ये टीम समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के आग्रह पर मिट्टी वर्तन निर्माण को बढावा, आत्मनिर्भर बनाने तथा कम लागत में अधिक बचत आदि के उद्देश्य पूर्वी राजस्थान के समस्त जिलों लघु उद्योग,जो हाथ की कारीगरी पर निर्भर है,उसे देखने आई। टीम में आईआईटी रूटेग के विशेषज्ञ देवेन्द्रपाल सिंह,समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता,जयपुर-भरतपुर संभाग के प्रभारी नरेन्द्र



**बसवा के विश्व विख्यात मिट्टी के वर्तन**

गुप्ता,ग्रामीण कार्यक्रम प्रभारी विष्णु मित्तल आदि शामिल थे। निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के दौसा,करौली,भरतपुर,डीग, धौलपुर,गंगापुर,अलवर,सवाईमाधोपुर आदि जिले में अनेक प्रकार के लद्यु उद्योग संचालित है,जो कम लागत वाली मशीन पर हाथ की कारीगरी पर निर्भर है। जिनमें मिट्टी के वर्तन,कांच की चुडी,अचार-मुरब्बा,फर्नीचर,चमडा के जुते-चप्पल, ढकोला -ढकोली, मुड्डा-मुड्डी,दरी,फर्स,रजाई,मधुमक्खी पालन व शहद उत्पादन,सरसों का तेल,दुग्ध व्यवसाय,पशुपालन आदि सर्वाधिक कार्य हो रहे है। जहां कुछ कार्य आग की भट्टी पर होते है। जिनमें मिट्टी के वर्तन,कांच की चुडी,दुग्ध डेयरी आदि व्यवसाय शामिल है। आग की भट्टियां साधारण होने के कारण कारीगर व मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पडता है और अधिक मेहनत करने पर कम मजदूरी प्राप्त होती है। साथ ही पर्यावरण पर बुरा असर पडता है। उक्त कारोबारों को बढावा और आधुनिक सुविधायुक्त बनाने के नई दिल्ली से आईआईटी रूटेग से विशेषज्ञ बुलाए, जिस टीम ने भरतपुर,दौसा,अलवर,धौलपुर आदि जिले के दो दर्जन से अधिक गांवों में मिट्टी के वर्तन,कांच की चुडी,अचार-मुरब्बा,दुग्ध डेयरी आदि कारोबारों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य एवं उनकी अन्य प्रकार की व्यवस्थाए देखी। साथ ही कारीगर व मजदूरों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्या, बाजार,निर्माण आदि की जानकारी ली और विस्तार से चर्चा की। टीम के विशेषज्ञ देवेन्द्रपाल सिंह एवं अन्य टीम सदस्यों ने उक्त कारोबार से जुडे कारीगर व मजदूरों को आधुनिक भट्टी,कम लागत में अधिक लाभ,कम समय में अधिक निर्माण,स्वास्थ्य लाभ,बाजार,ओपन भट्टी से होने वाला नुकसान व अधिक ईंधन की खपत आदि का ज्ञान दिया। उन्होने बताया कि दौसा जिले के कस्वा बसवा के मिट्टी के वर्तन की पहचान आज देश-विदेश में कायम है,जहां कुम्भकार समाज के सवा सौ से अधिक परिवार लम्बे समय से मिट्टी वर्तन कारोबार से जुडे हुए है,आज भी कई परिवार की चैथी-पांचवी पीढी इस कारोबार से जुडी हुई है। कस्वा बसवा में मिट्टी वर्तन निर्माण कारोबार से 125 से अधिक परिवार जुडे हुए है,जो मिट्टी से मटका-मटकी, कुल्हड, सकोरी,गमला,गुंलक,तवा,नांद, पानी की बोतल आदि बनाते है।

**कहा बनते मिट्टी के वर्तन**

» वैर, धरसोनी, बसवा, निठार, हलैना, गोविंदपुरा,पथैना, बेरी, भुसावर, मंसापुरा, समराया आदि स्थान पर सर्वाधिक मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा चेतना फाऊंडेशन धौलपुर कि द्वारा पक्षी बचाओ अभियान के तहत परिदा बांधो अभियान की शुरुआत

**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण )। बाड़ी।** उपखण्ड कि गांव सुनीपुर में सूजी बाबा कि मंदिर परिसर में मूक पशु - पक्षियों की भोजन सेवा के साथ-साथ मूक पक्षियों की सेवा में कार्यरत संस्था युवा चेतना फाऊंडेशन धौलपुर द्वारा पक्षी बचाओ अभियान के तहत परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष रामदास तरुण ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मूक पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था हम सबको करनी चाहिए। सुनीपुर से परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत की गई। मूक पक्षियों की सेवा में कार्य संस्था युवा चेतना फाऊंडेशन धौलपुर कि सभी सदस्यों के द्वारा परिंदा बांधने के साथ-साथ उसमें दाना पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम के मौके पर श्री श्री 1008 श्री राधा कृष्ण दास महाराज, भारत सिंह, गोपाल, ग्यसीराम, शिवसिंह, रामसहाय, भगवान सिंह, रामदयाल, मांगीलाल, मनीष बंसी , रामदास तरुण एवं मंदिर के पुजारी आदि उपस्थित थे।

### श्री टोडरमल पीजी महाविद्यालय में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

- **बेजुबान पक्षियों के लिए अधिक से अधिक लगाए परिंडे :- डॉ फुलाराम कुमावत**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित श्री टोडरमल पीजी महाविद्यालय के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए ' बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए गए का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर फुलाराम कुमावत के द्वारा किया गया ' राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्रवण कुमार चौधरी ने बताया कि अपने लिए तो सभी करते हैं परंतु हमें उनके बारे में सोचना चाहिए जो दूसरों के भरोसे रहते हैं ' एक कदम बेजुबान पक्षियों की ओर.रहिमन पानी राखिए , बिन पानी सब सुन पानी गए न ऊबरे मोती मानुस चुन ''इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सज्जन कुमार शर्मा, राजेंद्र ढेनवाल, विनोद बरबड ,श्रवण कुमार चौधरी, सिकंदर मील सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा '

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बाड़ी में दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना का किया पर्दाफाश

- **घटनाक्रम के 24 घंटे के भीतर ही दोनों अपराधियों को किया गिरफ़्तार**



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर (रामदास तरुण)जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में 24 घंटे पहले हुई फायरिंग खुलासा, देवेन्द्र गारमेन्ट शोरूम पर रंगदारी के लिए आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग की घटना में दो आरोपी गिरफ्तार, दिनांक 09 मई 2024 को समय करीब शाम 04:30 बजे आरोपियों द्वारा परिवादी आदित्य बंसल के शोरूम देवेन्द्र गारमेन्ट्स स्थित अग्रसेन मार्केट बाड़ी में आकर अवैध कट्टे से जान से मारने की नीयत परिवादी पर फायर किये जिससे परिवादी बाल-बाल बचा तथा तोड़-फोड़ की एवं आरोपियों द्वारा 2,00,000/- रुपयों की मांग की, जिस पर मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपियों को ट्रैस व तलाश शुरु की गई, बाडी थानाधिकारी शिवलहरी मीणा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही, भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश, धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, एडिशनल एस पी कमल कुमार जांगिड़, डी एस पी नरेंद्र कुमार के निर्देश पर कार्यवाही की गई, प्रकरण में गिरफ्तार शुदा आरोपियान से घटना के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

### विप्र सेना युवा मोर्चा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव



**चमकता राजस्थान। दौसा।** विप्र सेना युवा मोर्चा के नेतृत्व में ग्राम भोजवाड़ा में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। कलश यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। पुष्प वर्षा की और जलपान कराया गया। इस अवसर पर युवाओं से भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने का आ''ान किया। कार्यक्रम में विप्र सेना युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन तिवाड़ी, हनुमान बालाजीवाल, गिरिराज प्रसाद शर्मा, पंडित मोहन शर्मा, विनोद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, मूलचंद शर्मा कई विप्र जन मौजूद रहे।

# पेयजल की गंभीर समस्या के निवारण के तहत संघर्ष समिति का लगातार 95 दिनों से जारी धरने प्रदर्शन

## महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

चमकता राजस्थान



**उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)** जल संघर्ष समिति द्वारा जारी 95 दिन के धरना प्रदर्शन की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक चंवरा चौफुल्या में नथू राम जी अध्यक्षता में आयोजित हुई।5 फरवरी से शुरू,95 दिन से लगातार जारी से( पेयजल कुम्भा राम लिफ्ट योजना व 1994 यमुना नहर समझौता ) धरना प्रदर्शन आंदोलन के माध्यम से उदयपुरवाटी प्रशासन व पीएचइडी विभाग का ध्यान आकर्षित करने के बाऊजूद,मई माह की तपतपाती लू आ जाने के बाद भी पेयजल टैंकर सप्लाई शुरू नहीं करने का मतलब प्रशासन कुम्भकरणीय नींद में सोया हुआ है, यहां तक किअधिकारी कर्मचारियों में लोकतंत्र के (चौथे) 4थे स्तम्भ मीडिया को भी इग्नोर करने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ी। 95 दिन से हर गांव ढाणी की पेयजल समस्या को उठाकर प्रिंटमीडिया, सोशल मीडिया, फोन पर सूचित कर अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया लेकिन अधिकारी झूंठा आश्वासन देकर पब्लिक को गुमराह करते रहे, पेयजल काम के नाम पर कार्रवाई ना के बराबर ।कहीं पर खराब बोरिंग की शिकायत करने पर पंचायत की ज़िम्मेदारी बताकर समस्या के समाधान के बजाय काम की इतिश्री कर ली,तो कहीं पंचायत ने पीएचइडी विभाग की जिम्मेदारी बताकर टालमटोल किया,तो कहीं पीएचइडी विभाग ने ठेकेदार के ऊपर गल्ती करने का मामला बताकर टालमटोल किया,मतलब ये सब पीएचइडी अधिकारियों व ठेकेदार के मध्य टालमटोल घालमघाल का मामला सामने आ रहा है।

- **पेयजल से संबंधित निम्न प्रस्ताव प्रस्तावित किए**

» (1).पानी की आपूर्ति व सप्लाई शीघ्र शुरू की जाए, इसमें कौताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो।(2).टैंकरो के माध्यम से गम्भीर किल्लत वाले गांवों में पेयजल सप्लाई शीघ्र शुरू की जाए। ठेकेदार कानामवमोबाइलफोननंसार्वजनिक(3).. गाव ,मोहल्ला, ढाणी में स्वीकृत नयी पुरानी ख़राब पड़ी बोरिंग टंकियों को शीघ्र ठीक करने ,नयी को पूर्ण करने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाए।(4). भीषण गर्मी को देखते हुए लापरवाही अधिकारियों व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो।(5).भीषण गर्मी को देखते हुए गावो में कई जगह नरेगा में पानी छाया की कमी को दूरस्त करना।संघर्ष समिति संयोजक के के सैनी ने व्यक्तव्य जारी कर भीषण गर्मी को देखते हुए उक्त सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विधायक व उपखंड अधिकारी की देखरेख में एक पेयजल मोनेटरिंग कमेटी गठित करने की मांग की है; जो भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का काम करें। अध्यक्ष नथू राम व उपाध्यक्ष मदन मेघवाल ने बताया कि शुद्ध पेयजल को लेकर लोग इस क़दर दु:खी हैं कि समय रहते प्रशासन अब भी पेयजल की जायज़ मांगो का समाधान नहीं कर पाया तो हमें मजबूर होकर उपखंड/जिला कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान मुकेश सैनी किशोरपुरा जल संघर्ष समिति महासचिव,मदन मेघवाल,जिला उपाध्यक्ष महापंचायत, रामोतार, अनिल, मनोज नथू राम,के के सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दौसा: भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

## सिकंदरा पुलिस थाने के थानाधिकारी व कांस्टेबल के खिलाफ विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की मांग

चमकता राजस्थान

**दौसा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सैनी के साथ कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी रंजीता शर्मा को ज्ञापन देकर सिकंदरा पुलिस थाने के एसएचओ महावीर सिंह व कांस्टेबल उम्मेदसिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि एसएचओ महावीर सिंह द्वारा ओम प्रकाश सैनी पुत्र गुल्लाराम सैनी निवासी सिकन्दरा को गैर कानूनी तरीके से निरुद्ध कर मारपीट की व अवैध रूप से पुलिस कस्टडी में रख कर प्रताड़ित किया है।उन्होंने बताया कि ओम प्रकाश सैनी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य व समाज सेवा का कार्य रहा है। उनका वाहन पुलिस ने जब्त कर लिया था। थाने में अपने वाहन को छुड़वाने के लिए एसएचओ से मिला। पुलिस द्वारा



- **ये भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद**

» प्रतिनिधि मण्डल में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष टीकम सिंह गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम शर्मा बालाहेडी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रोहित बंशीवाल, पूर्व जिला मंत्री मनीष पहाड़िया, गीजगढ़ सरपंच प्रतिनिधि विश्राम सैनी, सिकंदरा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि महेश सैनी, भागचंद, पिंटू सैनी मौजूद थे।

अवैध राशि मांगने के बारे में अवगत करवाया। जिस पर एसएचओ भड़क गए और सैनी को गालियां निकाली। कपडे उतरवाकर पुलिस लाकअप में बन्द कर दिया। सैनी के साथ लात घूंसों से मारपीट की। अवैध रूप से 14 घण्टे तक हिरासत में रखकर खड़ा रखा बैठने नहीं दिया। बेवजह 151में गिरफ्तारी डाल दी गई। जबकि सैनी ने कोई आफेंस कारित नहीं किया। बल्कि परिवादी के रूप में अपने वाहन को छुडवाने के लिए थाने पर गया था। पुलिस की अवैध चौथ वसूली की शिकायत करने पर यातना दी। घायल ओम प्रकाश सैनी एसएमएस ट्रोमा वार्ड जयपुर में भर्ती है, जो अपना इलाज करवा रहा है।ग्राम सिकन्दरा की कृषि भूमि पर न्यायालय द्वारा यथा स्थिति के आदेश के बावजूद नाजायज लाभ के उद्देश्य से एसएचओ ने तारबन्दी व पत्थर लगवा दिये। पद का दुरुपयोग कर अवैध कार्यवाही से आमजन में भय है। उन्होंने सिकन्दरा एसएचओ के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

# शादी की रबड़ी खानी पड़ी महंगी, एक ही परिवार के 11 लोग बीमार

चमकता राजस्थान

**दौसा।** जिले के सैंथल में शादी में बची हुई रबड़ी खाने से 11 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार, रबड़ी खाने के बाद आठ बच्चों समेत 11 लोगों को उल्टियां और दस्त होने लगी जिसके बाद सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।फूड पॉइजनिंग के शिकार होने वाले सभी लोगों को पहले सैंथल के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दौसा



के रामकरण जोशी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, इनका परिवार डीजे बजाने का काम करता है। शुक्रवार शाम परिवार शादी समारोह में डीजे बजाने गया था। वहीं से ये लोग रबड़ी लेकर आये थे।बताया जा रहा है कि रबड़ी खाने के करीब दो घंटे बाद परिवार के सभी सदस्यों को पेट में दर्द और दस्त की शिकायत होने लगी जिसके बाद उन्हें अस्पाताल ले जाया गया।रामकरण जोशी अस्पताल के चिकित्सक आर.डी. मीना ने बताया कि सभी लोग एक ही परिवार के हैं। इनमें से अधिकांश बच्चे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है, सभी का इलाज जारी है, हालत में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी।

झालावाड़ जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

### युवक का अपहरण कर लूटपाट करने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश व दो साथी गिरफ्तार

- **लूटी गई रकम बरामद व घटना में प्रयुक्त दो बाइक जब्त**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/झालावाड़,! (खलील कुरैशी) 11 मई।** झालावाड़ जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के खण्डिया चौराहे से बुधवार को एक युवक का अपहरण कर दुर्गपुरा रोड ईदगाह के पास सुनसान जगह ले जाकर मारपीट कर 39 हजार रुपये की लूट की वारदात के आरोपी हिस्ट्रीशीटर अख्तर अली पुत्र खुर्शीद अली निवासी निम्बारी गेट झालरापाटन और उसके दो साथी शहनवाज उर्फ शानू पुत्र मोहम्मद शरीफ एवं साबिर उर्फ शिब्बू पुत्र जाकिर निवासी पीलखाना मोहल्ला झालावाड़ को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूट की पूरी रकम बरामद कर घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि बंजारी निवासी होटल कर्मचारी ताराचंद ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह किसी काम से खण्डिया चौराहे पर आया था। यहां बाइक पर आए अख्तर, शहनवाज व साबिर ने जबरन उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और दुर्गपुरा रोड ईदगाह की तरफ सुनसान जगह ले गए और मारपीट कर जेब में रखें 39 हजार छीन कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।सरेराह अपहरण एवं लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी तोमर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह खरेड़ा के सुपरविजन एवं एसएचओ चंद्र ज्योति के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक्शन प्लान तैयार कर आसूचना तंत्र विकसित कर आरोपी हिस्ट्रीशीटर अख्तर अली और उसके दोनों साथी शाहनवाज व साबिर को गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद कर व घटना में प्रयुक्त दो बाइक जप्त की है।गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर अख्तर अली के विरुद्ध मारपीट, लूटपाट, आर्म्स एक्ट व हत्या जैसे करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। पुलिस गिरफ्तार इन बदमाशों से घटना में शामिल अन्य बदमाशों की संलिप्तता के बारे में अनुसंधान कर रही हैं।

# खुशी का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सर्वोपरि : राजयोगिनी बी. के. सुषमा

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) वर्तमान समय स्वास्थ्य की जागृति का है` हर व्यक्ति की अपने शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना होगा क्योंकि खुशी का मनुष्य के स्वास्थ्य से सीधा संबध है । ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की जयपुर सबजोन की संचालिका राजयोगिनी बीके सुषमा दीदी ने तत्वा वेलनेस के उद्घाटन पर वहा मौजूद गणमान्य लोगो को संबोधित करते हुए कही सुषमा दीदी ने उसमे विशेष भूमिका मीडिया जगत को निभाने का आ''ान किया तथा साथ ही स्वास्थ्य को आध्यात्मिकता से जोड़ने पर बल दिया ` भारत की पारम्परिक चिकत्सा पद्दती एवं आध्यात्मिकता के पारस्परिक सहयोग से व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण जागरूक हो सकता है, क्योंकि वर्तमान में ज्यादातर बीमारियाँ मन से सम्बन्धित हो रही है जिसका ईलाज आध्यात्मिकता द्वारा ही संभव है` आज के दौर में मीडिया लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है ।

इस मौके पर मौजूद भारत की प्रथम एमबीए सरपंच छवि राजावत ने कहा कि तत्व वेलनेस सेंटर पर मीडिया एवं मेडिसिन का संगम अनोखा है साथ ही मैडिटेशन को जोड़ दिया जाये तो यह सोने पर सुहागा जैसी बात होगी` उन्होंने




भारतीय परम्परा को याद करते हुए खानपान सुधारने की बात कही `तत्वा वेलनेस प्रभारी डॉ.सोनिया ने कहा की मनुष्य का शरीर पञ्च तत्वों से बना है, हम तत्वा वेलनेस पर पांच तत्वों का संतुलन करने की कला सिखायेंगे इन पांच तत्वों में ही सभी बीमारियों का इलाज छिपा है। सही खान पान और जीवन शैली और ऑल्टरनेटिव मेडिसिन और थेरेपी से ही ज्यादातर बीमारियों का इलाज संभव है घर के किचन में ही ज्यादातर बीमारियों का इलाज छिपा है ।जरूरत सिर्फ जान ने की है ताकि प्राकृतिक रूप से शरीर को स्वास्थ्य किया जा सकता है और बीमारियों के लिए रासायनिक दवाइयों की जरूरत ही न पड़े और दुष्परिणामों से बचा जा सके । तत्वा वेलनेस ऑल्टरनेटिव ट्रीटमेंट के साथ लोगो को मीडिया प्लेटफार्म के जरिए ऑल्टरनेटिव मेडिसिन और थेरपी के प्रति जागरूक करने का काम करेगा ।सही भोजन, सही नींद, सही सोच को विकसित करने हेतु तत्व वेलनेस पर स्वास्थ्य जगत के अलग अलग एक्सपर्ट्स को बुलाकर चर्चा की जाएगी और मीडिया प्लेटफार्म के जरिए जनता तक अच्छे स्वास्थ्य से जुडी हर छोटी से छोटी जानकारी पहुंचाई जाएगी `एनवायरनमेंट वैज्ञानिक एवम बी लाल की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुदीप्ति अरोड़ा ने बताया कि इलाज के साथ साथ राजयोग मेडीटेशन की मदद से उन्होंने कैंसर जैसी घातक बीमारी को हराया और प्रकृति के अलग अलग तत्वों में प्रदूषण में लगातार बढ़ रहा है जिसकी वजह से कैंसर जैसी घातक बीमारियां अब आम होती जा रही है । प्रकृति के प्रति संवेदनशील न हुए तो परिणाम घातक होंगे।उद्घाटन समारोह में राजयोगिनी बीके सुषमा दीदी के साथ सोडा की पूर्व सरपंच छवि राजावत, समेत शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलाई मशीनें वितरण समारोह आयोजित

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** चित्रगुप्त बाल हितकारी सेवा संस्थान जयपुर द्वारा 12 मई को सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में समिति संरक्षक ललित सक्सेना ने बताया कि महिलाओं के स्वरोजगार के लिए श्री चित्रगुप्त समाज , कावेरी पथ ,मध्यम मार्ग ,मानसरोवर ,जयपुर में श्री चित्रगुप्त हितकारी सेवा संस्थान द्वारा सीलाई मशीनों का वितरण किया जाएगा, आयोजित कार्यक्रम में महामंडलेश्वर माई किन्नर भी शामिल होगी!

### ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह कल 12 मई को

- **ब्राह्मण समाज की विभूतियों का होगा सम्मान**

**चमकता राजस्थान/जयपुर 11 मई।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा 12 मई को प्रातः 10:00 बजे प्रदेशस्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन अवसर पर एम.आई. रोड स्थित चैम्बर भवन में ''ब्राह्मण रत्न'' सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर के जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा ने बताया है कि पिछले 32 वर्षो से सर्व ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण समाज की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को ''ब्राह्मण रत्न'' के अलंकरण से विभूषित कर रही है। इसमें पुलिस सेवा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, विधि, कला, एवं समाज सेवा के क्षेत्रों की उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है।

जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत ने बताया है कि समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा और भाजपा सांसद प्रत्याशी मंजू शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा एवं चौमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा होगें। अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा करेगें। सारस्वत ने बताया है कि पिछले 15 दिवसीय से पुरे प्रदेश में परशुराम जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। समापन समारोह में ब्राह्मण प्रतिभाओं को ब्राह्मण रत्न के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा।

### राजकीय कारिंदों की अचल सम्पत्तियों के ब्यूरों को ऑनलाइन अपलोड के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल एक्शन मोड पर

- **राजस्थान में 2.79 लाख अफसर- कर्मचारियों ने छुपाई प्रॉपर्टी की डिटेल:**
- **एजुकेशन-पुलिस विभाग वाले टॉप पर;अटक सकता है प्रमोशन, दो बार बढ़ाई गई थी तारीख**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थान के सभी गजेटेड, नोन गजेटेड अफसर, कर्मचारियों को 2023 की अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन अपलोड करना था। लेकिन 2 बार बढ़ाई अंतिम तिथि जाने के डेढ़ माह बाद भी अभी तक 2.79 लाख ने अचल संपत्ति का ब्योरा ही नहीं दिया है। 34 हजार तो वो गजेटेड अफसर हैं, जिनके कंधों पर अपने अधीन काम कर रहे कर्मचारियों का ब्योरा प्रस्तुत करवाने की जिम्मेदारी है। नॉन गजेटेड स्तर के 2.44 लाख कर्मचारियों द्वारा भी अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया गया है। इससे उनकी एसीआर और प्रमोशन पर असर पड़ सकता है। सभी राजसेवकों को अपनी अचल संपत्ति का ब्योरा एक सॉफ्टवेयर मॉड्यूल पर अपलोड करना था। इसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 थी। फिर इसे बढ़ाकर 31 मार्च 2024 किया। लेकिन फिर भी 10 लाख 11 हजार 108 कर्मचारियों में से 2 लाख 78 हजार 621 ने ब्योरा सरकार को बताया ही नहीं। क्या देना होता है आईपीआर में पिछले 1 साल में कर्मचारी द्वारा नई खरीदी अचल प्रॉपर्टी सहित सारी प्रॉपर्टी का ब्योरा और उसका मूल्य सहित अपलोड करना होता है। इससे पता लगे कि कर्मचारी ने 1 साल में अचल संपत्ति में कितनी बढ़ोतरी की। सरकारी कार्मिक के पास एक से अधिक अचल संपत्ति होने पर प्रत्येक को अलग-अलग दर्शाना होगा। ब्योरा नहीं तो पदोन्नति पर विचार नहीं होगा हर राजसेवक को अचल संपत्ति का ब्योरा देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने वाले कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार ही नहीं होता।




» 31 मई तक प्रस्तुत करना होगा कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन

सभी राजसेवकों को अपने वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए 30 अप्रैल तक का समय दिया था। उसको भरने में विलंब के कारण अब उसकी तिथि बढ़ा कर 31 मई 2024 कर दी है। लेकिन अंचल संपत्ति की जानकारी देने की तिथि खत्म हो चुकी।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ सकारात्मक कार्रवाई को अंजाम

**ईकोलोजिकल जोन रोपाड़ा में जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास क विफल कर करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त ।**

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** (1). जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम रोपाड़ा में जेडीए की मैरिज गार्डन स्कीम मे करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा अतिक्रमण कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई बाउण्ड्रीवाल नींव खोदकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर प्रारम्भिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 03, 09 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।






जोन-10ट्ट ईकोलोजिकल जोन में सुओमोटों के तहत क्रिम मॉडल, रहीम कॉलोनी व फतेहनगर कॉलोनी की रोड सीमाऊ को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

(2). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 11.05.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित खो नागोरियान में क्रिम मॉडल, रहीम कॉलोनी व फतेहनगर कॉलोनी में मकानों के आगे रोड़ सीमा में ही दोन तरफ भूखण्डधारियों द्वारा करीब 25 स्थानों पर कब्जा अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये चबूतरें बाउण्ड्रीवाल, पत्थर, मलवा, इत्यादि डालकर किये गये अतिकमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोट के तहत नोटिस जारी कर मुनादी कर अतिक्रमण हटाने हेतू पाबंद किया गया था अतिक्रमण नहीं हटाने पच आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों क सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमाओं को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

## विकास का आधार है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी: वी. सरवन कुमार

**क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र में मनाया गया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस**



चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 11 मई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ही विकास का आधार है। तकनीक के दम पर ना केवल नित नए आविष्कार हो रहे हैं बल्कि जन जीवन भी आसान हो रहा है। ऐसे में हर किसी को विज्ञान के प्रति अपनी अभिरुचि जागृत करने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह कहना है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के शासन सचिव श्री वी. सरवन कुमार का। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं मोईनी फाउंडेशन के तत्वाधान में जयपुर के शास्त्रीनगर स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय

- **रोबो रेस, टेक्नोलॉजी क्विज का हुआ आयोजन, रोबोटिक्स प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र**

विज्ञान केन्द्र के सहायक निदेशक कैलाश मिश्रा ने बताया कि केन्द्र के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शासन सचिव श्री वी. सरवन कुमार ने की। समारोह को मोईनी फाउंडेशन के चीफ मेंटर श्री अरविन्द थानवी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संबोधित किया।विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने एवं इसके अनुप्रयोगों से परिचित कराने हेतु इस अवसर पर एक रोबोटिस प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। सैकड़ों विद्यार्थियों एवं आमजन ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान रोबो रेस, टेक्नोलॉजी क्विज के साथ-साथ डू इट योरसेल्फ जैसी गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। समारोह में टेक्नोलॉजी क्विज में विजेता विद्यार्थियों को विभाग के अधिकारियों ने सम्मानित किया। इसी अवसर पर एनपीसीआईएल के उप महाप्रबंधक श्री सुशांत कुमार जैना ने न्यूक्लियर पावर एप्लीकेशन्स विषय पर आधारित एक प्रभावी प्रस्तुतिकरण भी दिया। समारोह में मुख्य लेखाधिकारी प्रियंका यादव,सहायक निदेशक कैलाश मिश्रा,मोईनी फाउंडेशन के पदाधिकारियों सहित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शिरकत की।

## जयपुर नगर निगम ग्रेटर ने करी अभिनव शुरुआत

**रामबाग चौराहे पर सिंग्नल राहगीरों को धूप से बचाने का सकारात्मक प्रयास**



चमकता राजस्थान

**जयपुर ।(खलील कुरैशी)** जयपुर में तेज गर्मी और धूप से लोगों को राहत देने के लिए नगर निगम ग्रेटर ने नई पहल शुरू की है। नगर निगम ग्रेटर की तरफ से जयपुर शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर ग्रीन शेड लगाकर वाहन खड़े होने वाले वाहन चालकों को छांव उपलब्ध करवाने का प्रयास किया है। इसकी शुरुआत आज से रामबाग चौराहे से की गई है। जहां बड़ा ग्रीन शेड लगाकर छांव का प्रबंध किया गया। सिग्नल पर रुकने वाले दुपहिया वाहन चालकों को धूप से थोड़ी राहत मिली। मुख्य सचिव सुधांश पंत के निर्देश पर नगर निगम ग्रेटर की कमिश्नर रुकमणी रियाड़ ने रामबाग चौराहे पर यह व्यवस्था करवाई। जल्द ही नगर निगम प्रशासन शहर के अन्य चौराहों और ट्रैफिक सिग्नल पर भी इस तरह की व्यवस्था करने पर विचार कर रहा है।आपको बता दें इन दिनों जयपुर में गर्मी से तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बड़े ट्रैफिक सिग्नल पर भीड़ ज्यादा होने के कारण कई बार एक गाड़ी को दो बार सिग्नल ग्रीन होने पर भी क्रॉसिंग नहीं मिलती। इसके कारण कई बार वाहन चालकों को किसी बिंदु पर 2 मिनट या उससे ज्यादा समय तक खड़ा रहना पड़ता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों और साइकिल या पैदल चलने वाले लोगों को होती है।

- **ट्रैफिक पुलिस की जवानों को भी तपती धूप से मिली राहत**

» जयपुर शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक की व्यवस्था देखने वाले पुलिस के जवानों को भी इस व्यवस्था से काफी राहत मिली है। कई जगह धूप में खड़े होकर ट्रैफिक को कंट्रोल करने वाले इन जवानों को इस ग्रीन छत के लगने से तेज धूप में ज्यादा लंबे समय तक खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

**शाहपुरा कस्बे में सिरफिरे युवक द्वारा चाकू से हमला करने का मामला:**

# ग्रामीणों और प्रशासन में सभी मांगों को लेकर बनी सहमति, सहमति के बाद ग्रामीणों ने किया धरना समाप्त

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा (खलील कुरैशी)** जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा कस्बे में राजकीय चिकित्सालय के पास बीती रात को सरफिरे नशें के आदी सनकी युवक मनोज सैनी द्वारा चाकू से हमला कर 6 युवकों घायल कर दिया था जिसमें से एक युवक मोहन जाट की हमलें गंभीर रूप से घायल होने पर मृत्यु हो गयी थी जिससे गुस्साए स्थानीय निवासियों ने चाकू हमले में मृतक के परिवार को न्याय दिलवाने के लिए शाहपुरा में धरना दिया गौरतलब है में धरने में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवीयों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर धरने को सफल बनाया इस दौरान जयपुर ग्रामीण कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा, विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, वरिष्ठ समाजसेवी और युवा नेता हरी प्रसाद बल्लिवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रवीण व्यास, भाजपा नेता अमित बड़बड़वाल, शाहपुरा व विराटनगर विधायक प्रतिनिधि, समाजसेवी दिगराज सिंह शाहपुरा, एडवोकेट जितेन्द्र पलसानिया, पार्षद इंद्रराज पलसानिया महेंद्र चौधरी,नगरपालिका शाहपुरा के उपाध्यक्ष, पार्षदगण व व्यापारीगण एवं आमजन रहे मौजूद वहीँ, दूसरी तरफ़ प्रशासन की ओर से जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार स्वयं मॉनिटरिंग कर घटनाक्रम को लेकर पुरी तरह से अलर्ट मोड़ पर रहे हैं पुलिस प्रशासन को मुस्तैद रखा, इसके साथ ही शाहपुरा उपजिला कलक्टर, एएसपी, शाहपुरा व विराटनगर डीएसपी, शाहपुरा,मनोहरपुर व अमरसर के थाना प्रभारी समेत सैकड़ो की संख्या में पुलिस जाब्ता रहा मौजूद धरने के समर्थन में शाहपुरा का बाजार भी रहे पूर्णतय बंद रहा है इस बीच धरना समिति और पुलिस प्रशासन में सभी मांगों को लेकर सहमति बन गयी जिसके पश्चात ग्रामीणों ने धरना समाप्त करने की घौषणा कर धरना समाप्त किया इस मौके पर हमले में मृतक युवक के परिजनों को अनिल चौपड़ा, शाहपुरा विधायक मनीष यादव व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड की ओर से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा भी की गयी।






- **पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शाहपुरा थाने के एएसआई को किया लाइन हाजिर**

## एक नजर

### कारोबारी से दुकान के नाम पर लाखों की ठगी

**हरिद्वार।** कनखल के एक कारोबारी ने दुकान बेचने के नाम पर 29 लाख की रकम ठगने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में सचिन अरोड़ा पुत्र सुभाष चंद निवासी घास मंडी पहाड़ी बाजार ने बताया है कि उसकी परिचित वंदना गर्ग ने चौक बाजार में स्थित अपनी दुकान बेचने के लिए कहा था, जिसके बाद उसने वंदना गर्ग से दुकान का सौदा 54 लाख में तय करते हुए वंदना गर्ग को 31 लाख की रकम दे दी। शेष रकम बैनामा कराने पर देना तय हुआ था, लेकिन बैनामा करने को लेकर वह टाल मटोल करती रही।

### अमेरिका में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने एमआईटी परिसर से हटाया गया

**बोस्टन।** अमेरिका में शुक्रवार तड़के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में फलस्तीन समर्थक तंबू को पुलिस ने हटा दिया और फिलाडेल्फिया में पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदर्शनकारियों को बाहर कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले एरीजोना विश्वविद्यालय में एक तंबू को हटा दिया और प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े। एमआईटी परिसर में पुलिस सुबह चार बजे पहुंची और प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए 15 मिनट का समय दिया। विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ने कहा कि वहां से नहीं जाने वाले 10 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, परिसर के बाहर एकत्र हुई भीड़ ने नारेबाजी की लेकिन उसे सुबह छह बजे तक तितर-बितर कर दिया गया। टक्सन में, एरीजोना विश्वविद्यालय कैम्पस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बृहस्पतिवार रात आंसू गैस के गोले छोड़े।

### दो लोगों के विरुद्ध विदेशी अधिनियम का उलंघन किए जाने पर मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश अभिसूचना विभाग ने विस्थापित कॉलोनी अपार्टमेंट में विभाग को बिना सूचना दिए विदेशियों को अपने यहां ठहराए जाने को लेकर स्थानीय कोतवाली में दो लोगों के विरुद्ध विदेशी अधिनियम का उलंघन किए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। अभिसूचना विभाग ऋषिकेश की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया है कि विस्थापित कॉलोनी स्थित स्पाती अपार्टमेंट में सार्थक बांगा और संजय कपूर बिना विभाग को सूचना दिए अपने अपार्टमेंट में विदेशियों को काफी समय से ठहरा रहा था, जिसकी सूचना विभाग को मिल रही थी, जिसके बाद विभाग ने दोनों को नोटिस भी जारी किया था। इसके बावजूद भी उक्त दोनों लोग विदेशी अधिनियम का उल्लंघन कर रहे थे, जिसके बाद विभाग ने उक्त दोनों लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विदेशी अधिनियम (7) का उल्लंघन किए जाने पर मुकदमा दर्ज कर दिया।

### आयुष्मान के तहत अस्पतालों के बकाये के भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ : टोलिया



**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वीएस टोलिया ने बताया है कि आयुष्मान योजना का 75 करोड़ का भुगतान लंबित है, इसका कारण पोर्टल में आई कमी है। शनिवार को एक प्रश्न के उत्तर में निदेशक क्लेम मैनेजमेंट राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण वीएस टोलिया ने बताया कि तीन माह से बकाया भुगतान लंबित था जिसकी भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत लंबे समय से भुगतान के लिए तरस रहे अस्पताल स्वामियों के लिए अच्छी खबर है। अटल आयुष्मान के तहत भारत सरकार के टीएमएस पोर्टल में दिक्कत आ रही थी। उसे अब दूर कर लिया गया है और लंबित 3 महीने के बकाया भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछले दो तीन माह से राज्य के कई अस्पतालों का 75 करोड़ के करीब का भुगतान नहीं हो पाया था। भुगतान न होने की वजह टीएमएस पोर्टल में तकनीकी खराबी बताई गई थी।

### जीप से 43 पेटी देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**धर्मशाला।** लोकसभा चुनावों के बीच पुलिस जिला नूरपुर द्वारा शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई। जिला पुलिस के तहत नाकाबंदी के दौरान कोटला में टेम्परेरी नम्बर की बलेरो गाड़ी से 43 पेटी देसी शराब बरामद किया है, जिनमें 516 बोतल देसी शराब मिली है। पुलिस ने इस मामले में गाड़ी चालक देव राज पुत्र रती लाल निवासी धनेटी तहसील नूरपुर के विरुद्ध थाना ज्वाली में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी पुलिस जिला नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### किरायेदार ही निकले लूट के साजिशकर्ता

**देहरादून।** डोईवाला में किरायेदार ने ही लूट की घटना को अंजाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। घटना करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार के साथ पुलिस ने लूटी हुई स्कूटी, गहने और अन्य सामान बरामद किया है। बुजुर्ग महिला को घर में अकेले देखकर आरोपितों ने इस लूट की घटना को अंजाम दिया है। बुजुर्ग महिला से उसकी चेन, पर्स, घर में रखी स्कूटी लूट कर ले गए थे। दोनों आरोपित पुताई का काम करते हैं और कर्ज उतारने के लिए ऐसी घटना की है।

# जयपुर-कोटा टीम ने की कार्रवाई 24 लाख का सामान जब्त, जांच के लिए भेजे सेंपल

## नक़ली घी बनाने की फैक्ट्री पर फ़ूड सेफ्टी विभाग प्रशासन ने मारा छापा,15 दिन के लिए सीज कर लाईसेंस संस्पेंड

चमकता राजस्थान

जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी)। जयपुर और कोटा की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए शनिवार दोपहर रानपुर इलाके में फैक्ट्री में छापा मारा नकली घी बनाने की फैक्ट्री को 15 दिन के लिए सीज किया। फैक्ट्री में टीन और डिब्बों में मिलावटी घी भरा हुआ मिला। जांच करने पहुंची टीम ने बताया कि कृष्णा और बालगोपाल के ब्रांड से बाजार में चार सौ रुपए लीटर बेचा जा रहा था। जांच के दौरान घी का रंग और खुशबु अलग मिला। करीब 24 लाख रुपए का सामान जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा को सूचना मिली थी कि रानपुर





इलाके में नकली घी तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा है।सूचना के बाद जयपुर से एक टीम कोटा पहुंची और कार्रवाई की।खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि फैक्ट्री को बाल गोपाल

### आधा-एक किलो एवं टीन के डिब्बों में भरा था मिलावटी घी

» अग्रवाल ने बताया कि गोदाम में 6 से 7 हजार लीटर प्रोडक्ट है। आधा किलो, एक किलो की पैकिंग के डिबे, टिन और पीपों में मिलावटी घी भरा हुआ है, जिनकी कीमत करीब 24 लाख रुपए है। सैंपल लिया गया हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी कि इसमें क्या मिलावट की गई है और कितनी मिलावट की गई है।

### गुजरात-हरियाणा से मंगवाते मिलावटी घी

» घी में क्या मिलावट रही है, किन चीजों से मिलाकर नकली घी बनाया गया है, यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति सफ हो सकेगी। आमतौर पर डालडा, तेल, एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। आजकल नया ट्रेंड चल रहा है, जिसमें गुजरात और हरियाणा से टैंकर भरकर बना बनाया मिलावटी धी मंगवाया जाता है।

डेयरी प्रोडक्ट नाम से नयापुरा खंड गांवडी निवासी दिलीप सिंह चला रहा है।टीम मौके पर पहुंची तो बड़ी मात्रा में घी कास्टॉक था। जांच में शुरूआती तौर पर थी की खुशबू को लेकर संशय जताते हुए गोदाम में रखे माल को सीज कर दिया गया।उन्होंने बताया की फर्म की तरफ से ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई होती थी। बाजार में घी अलग-अलग पैकिंग में सप्लाई किया जाता था। और चार सौ रुपए लीटर में बाजार में बेचा जा रहा था। आमतौर पर साधारण घी की कीमत भी सात सौ रुपए से कम नहीं है। करीब एक साल से ज्यादा समय से यह माल सप्लाई हो रहा है। काउंटिंग के अनुसार करीब 24 लाख का माल सीज किया गया है। फिलहाल फर्म का लाइसेंस 15 दिन के लिए सस्पेंड किया गया है।

## राजस्थान में बंद नहीं होगी रीट, भर्ती परीक्षा को बनाएंगे और पारदर्शी, सरल,आसान: शिक्षा मंत्री दिलावर

चमकता राजस्थान

जयपुर(खलील कुरैशी) सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का ख्वाब देख रहे प्रदेश के युवाओं को 2 वर्षीय बीएड, 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्सेज में दाखिले के लिए पहले पीटीईटी का एग्जाम देना होता है। उसके बाद बीएड कोर्स, फिर रीट एग्जाम और आखिर में मुख्य परीक्षा से गुजर कर स्कूल में शिक्षक बनने का सपना पूरा होता है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के कई साल गुजर जाते है और सफल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत में महज 10 फीसदी ही है। बाकी 90 फीसदी अभ्यर्थियों को मायूसी ही हाथ लगती है। ऐसे में अब प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों का समय




व्यर्थ न हो, इस उद्देश्य से एक प्लान तैयार किया है। इसके तहत न तो छात्रों को रीट की परीक्षा देनी होगी और ना ही कई साल बर्बाद करने होंगे। बीएड से पहले ही एक परीक्षा देकर वो अपना भविष्य तय कर सकेंगे। ऐसे में युवाओं का समय बर्बाद ना हो और एक कॉम्पटिशन एग्जाम देने के बाद ही ये तय हो जाए कि उन्हें नौकरी मिलेगी या नहीं। उन्होंने बताया कि यदि बीएड किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेगा तो परीक्षा में सफल होने पर उसे बीएड करने के लिए समय दिया जाएगा» और यदि बीएड किया हुआ अभ्यर्थी परीक्षा में सफल होता है तो उसे सीधे नौकरी दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएड से पहले एक कॉम्पटिशन एग्जाम होगा। इस कॉम्पटिशन एग्जाम की मेरिट ग्रेड और विषय वार बनाई जाएगी। इस एक कॉम्पटिशन एग्जाम से ये क्लियर हो जाएगा कि अभ्यर्थी शिक्षक बनेगा या नहीं। हालांकि, इसके लिए पहले लीगल राय ली जाएगी। एक्सपर्ट से भी बातचीत कर रहे हैं। सबसे बातचीत करने के बाद जो न्याय संगत होगा, वही कदम उठाया जाएगाताकि नियमों का उल्लंघन की बात कहकर कोई कोर्ट से स्टे नहीं ले पाए।

● **ताकि युवाओं के 5 साल बेकार न हों**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया को बताया कि जो प्लान है, उसके अनुसार युवाओं के 5 साल बेकार ना हों। पहले उन्हें बीएड के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देनी होती है। उसके बाद बीएड और फिर रीट और मुख्य परीक्षा देनी होती है, तब जाकर नौकरी लगती है। जितने लोग बीएड करते हैं सभी को नौकरी मिल भी नहीं पाती। अधिकतर को तो कॅरियर के दूसरे के क्षेत्र में भाग्य आजमाने का भी मौका नहीं मिल पाता। शिक्षा मंत्री दिलावर ने शनिवार को अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि हमने स्वश्वञ को रद्द करने की बात नहीं कही है, बल्कि इस परीक्षा को और अधिक आसान बनाने के सुझाव दिए हैं। हमारा लक्ष्य है कि इस परीक्षा को और ज्यादा सरल बनाकर बेरोजगार युवाओं को अधिक रोजगार देना। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार स्वश्वञ की परीक्षा को बंद करने जा रही है।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट:किराए के घरों में मरीज देखने जाते थे दोनों सर्जन

● **किडनी-लीवर ट्रांसप्लांट मामला, जयपुर फोर्टिस के दो डॉक्टर गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान/जयपुर।(खलील कुरैशी)** रिश्वत लेकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, शुक्रवार को फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को डॉक्टरों के बारे में कई जानकारी मिली। जयपुर पुलिस ने आज तीन अस्पतालों के डॉक्टरों से 6 घंटे अलग-अलग पूछताछ की थी। इसके बाद सर्जन संदीप गुप्ता और जितेन्द्र गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों डॉक्टर किराए के मकानों में मरीज देखने जाते थे। डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी फोर्टिस के पहले मणिपाल हॉस्पिटल में काम करता था। मणिपाल का लाइसेंस रिन्यू नहीं होने पर सितम्बर 2023 में जितेन्द्र गोस्वामी ने फोर्टिस जॉइन कर लिया था। डॉक्टर जितेन्द्र और संदीप गुप्ता ही फोर्टिस में ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया करते थे। जानकारी में यह भी आया है कि इन लोगों को कई अन्य डॉक्टरों की जानकारी भी है।

● **नर्सिंग स्टाफ दलालों की कर रहा था मदद**

बता दें कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) गौरव सिंह, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह, अंग प्रत्यारोपण के मामले में एमओयू की गई कंपनी मैड सफर के डायरेक्टर सुमन जाना और दलाल सुखमय नंदी से भी पूछताछ से की गई थी। पूछताछ में भानू की भूमिका मिली थी। पूछताछ में सामने आया था कि आरोपी रोजाना दलालों के संपर्क में रहकर उन्हें अवैध ट्रांसप्लांट के लिए मदद करता था। हॉस्पिटल में सर्जरी के बाद दलाल मरीजों को किराए के मकानों में रखते थे। जहां पर मरीजों की देखरेख के लिए भानू ही जाता था। गिरफ्तार डॉक्टर कई बार किराए के मकान में मरीजों को देखने के लिए जाते थे। अब पुलिस भानू और दलालों के सीधे संपर्क में रहने वाले डॉक्टर्स की भूमिका तय करने में जुटी हुई है।

## मदर्स डे पर आरपीएस आलोक गौतम की सुंदर और मनोरम रचना: मां की ममता

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** ममता की छाँव है, प्यार की बहती नाव है। जो हमको जीना सिखलाती, जीवन की वो नींव है माँ।।इक अक्षर का नाम है, करती हर इक काम है। बच्चों पर सर्वस्व लुटा दे, ऐसा अद्भुत त्याग है माँ।। सुन्दर एक कविता है, प्रीत से भरी सरिता है। जिससे जग सुन्दर लगता है, प्रेम का ऐसा गीत है माँ।।सबसे प्यारा मीत है, सदा हार पर जीत है। जिसमें कोई कमी ना रही, वह अद्भुत संगीत है माँ ।।सुन्दर इक अभिलाषा है, जीवन की परिभाषा है।जिसके बिना अधूरा जीवन, सफलताओं की छाँव है माँ।।निराशाओं में आशा है, बलिदानों की गाथा है। जिस दामन पर दाग ना लगा, ऐसा अटल विश्वास है माँ।।सुन्दर अनुपम रूप है, कही छाँव-कही धूप है।सृष्टि को समग्र बनाती, ईश्वर का वो रूप है माँ।।ईश्वर की सुन्दर कृति है, दुनियाँ की अनुपम श्रुति है। अन्धकार में ₹आलोक फैलाये, वो जीवन प्रकाश है माँ।



आलोक गौतम,सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली न

**पर्यटन** | **चूरूवा बॉर्डर स्थित पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में किया पूजन**

# रायबरेली को कांग्रेस ने बनाया पर्यटन स्थल: ब्रजेश पाठक

● रायबरेली की जनता रायबरेली को अपनी जागीर समझने वाली कांग्रेस को नकार देगी

● अमेठी की तरह ही राहुल गांधी को यहां से भी हराकर रायबरेली से भेजेगी

● **जनता योगी और मोदी सरकार पर भरोसा करती है, इस बार जनता पार्टी को देश भर में 400 से ज्यादा सीटें जिताकर और मजबूत बनाएगी,**



रायबरेली। एजेंसी

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को यहां कहा कि कांग्रेस ने रायबरेली को पर्यटन स्थल बना रखा है। उसे देश की संस्कृति और विरासत से कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी भी इस बार जीरो हो जाएगी। ब्रजेश पाठक शहर के रिफॉर्म क्लब में भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के पक्ष में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने चूरूवा बॉर्डर स्थित पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में पूजन किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब मैं रायबरेली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन में आया था और मैंने रायबरेली में जो अपार जन समूह उस समय देखा, तभी मुझे यह विश्वास हो गया कि इस बार रायबरेली की जनता रायबरेली को अपनी जागीर समझने वाली कांग्रेस को नकार देगी और अमेठी की तरह ही राहुल गांधी को यहां से भी हराकर रायबरेली से भेजेगी।

पाठक ने कहा कि अखिलेश और राहुल की जोड़ी इस बार भी जीरो पर आउट होगी। जनता योगी और मोदी सरकार पर भरोसा करती है,जिसमें बिना किसी भेदभाव के सबका विश्वास जीता जा रहा है। इस बार जनता पार्टी को देश भर में 400 से ज्यादा सीटें जिताकर और मजबूत बनाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, एमएलसी उमेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

## सरकारी जमीन के कब्जे को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष, ट्रैक्टर चढ़ाकर दो लोगों की हत्या

भोपाल। एजेंसी

जिले के नजीराबाद थाना इलाके अंतर्गत सुखला गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुए चल रहे पुराने विवाद में शनिवार सुबह दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। यहां पूर्व सरपंच और वर्तमान सरपंच के परिवार के लोग कुल्हाड़ी, सब्बल और डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर दो लोगों की हत्या कर दी। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें हमीदिया लाया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए ऐहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। नजीराबाद थाना



प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत भमोरा के ग्राम सुखला में गुर्जर समाज के लोग रहते हैं।

यहां सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर वर्तमान सरपंच और पूर्व सरपंच के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। शनिवार सुबह सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। हमले में जसवंत गुर्जर और रंगलाल गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक नजर

### इस साल दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगा वेस्टइंडीज




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम मई से दिसंबर 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। वेस्टइंडीज के घरेलू सत्र की शुरूआत 23 मई को जमैका के सबीना पार्क में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 मैचों के दौरे से होगी। दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप और जुलाई में इंग्लैंड के अपने टेस्ट दौरे के बाद 7 अगस्त से त्रिनिदाद और गुयाना में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए वेस्टइंडीज लौटेगी, इसके बाद 23 अगस्त से सीपीएल से पहले ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला होगी। वे तरौबा में टेस्ट श्रृंखला से पहले चार दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेंगे। अक्टूबर में श्रीलंका में सफेद गेंद के दौरे के बाद, वेस्टइंडीज 31 अक्टूबर से तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जो एंटीगुआ, बारबाडोस और सेंट लूसिया में खेले जाएंगे। इसके बाद बांग्लादेश सभी प्रारूपों के दौरे के लिए 22 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच वेस्टइंडीज का दौरा करेगा, जो एंटीगुआ और जमैका में दो टेस्ट मैचों, सेंट किट्स एंड नेविस में तीन वनडे और सेंट विंसेंट में तीन टी20 मैचों के साथ शुरू होगा।

### केरल सुपर लीग 2024 के उद्घाटन संस्करण का आयोजन सितंबर में, छह टीमें लेंगी हिस्सा

**कोच्चि।** इस साल सितंबर में शुरू होने वाली केरल सुपर फुटबॉल लीग (केएसएल) के उद्घाटन संस्करण के लिए छह टीमों की घोषणा शुक्रवार शाम कोच्चि में एक बड़े कार्यक्रम में की गई। तिरुवनंतपुरम, एनार्कुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम और कन्नूर की टीमें घरेलू और बाहरी आधार पर भाग लेंगी, जिसमें विजेता का चयन नॉकआउट राउंड के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केएसएल के सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा, फुटबॉल प्रेमियों के लिए पहुंच के उचित प्रसार के लिए लीग ने सावधानीपूर्वक स्टेडियमों और स्थानों को चुना है। ये स्थान अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करेंगे और प्रशंसकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव का वादा करेंगे। तिरुवनंतपुरम फ्रेंचाइजी कोच्चि फ्रेंचाइजी के साथ जेएनआई स्टेडियम में खेलेगी, जबकि कन्नूर और कोझिकोड टीमें ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम का उपयोग करेंगी।

### मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीजन के अंत तक बढ़ाया



**मुंबई।** मोहन बागान एसजी को हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का खिताब जीतने के बाद मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीजन के अंत तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार रात उक्त जानकारी दी। चेक गणराज्य के रहने वाले, 42 वर्षीय पूर्व डिफेंडर क्रैटकी ने दिसंबर 2023 में सीजन के बीच में आइलैंडर्स की कमान संभाली थी। मुंबई सिटी एफसी मुख्य कोच के रूप में क्रैटकी का पहला स्थायी कार्यभार है। उन्होंने 23 मैचों में क्लब का निर्देशन किया है, जिनमें क्लब ने 16 जीते हैं और तीन ड्रा रहे हैं। क्रैटकी के संरक्षण में, टीम ने बड़ी ऊंचाइयों को छुआ और आईएसएल के लीग चरण (47 अंक) में अपना अब तक का सबसे उच्चतम अंक दर्ज किया।

### चार खिलाड़ी एलिट क्रिकेट ग्रुप हेतु चयनित, एकेडमी और स्कूल से जिले का नाम हो रहा रोशन

**रायगढ़।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल एवं क्रिकेट कोचिंग संस्था संस्कार क्रिकेट एकेडमी के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के एलिट ग्रुप के मैचों हेतु किया गया है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि एलिट ग्रुप में बनने वाली टीम प्लेट कम्बाइंड टीम में जिले के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें से चार खिलाड़ी संस्कार स्कूल और संस्कार क्रिकेट एकेडमी से हैं। इनका नाम अंकित बंजारे, देविका महामिया, निखिल पटेल व अंशुल सिंह हैं। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है। जिसके चलते विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

# आईपीएल 2024 : अपनी जगह मजबूत करने मैदान में उतरेगी चेन्नई सुपर किंग

● चेन्नई 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे नंबर पर



**चेन्नई। एजेंसी**

आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की अपनी जगह मजबूत करने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स मैच में जीत दर्ज करने उतरेगी। मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर बाद 3:30 पर शुरू होगा। चेन्नई अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे नंबर पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के बाद उस पर दबाव बढ़ गया है और उसे अब अपने बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करना बहुत जरूरी हो गया है। दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार ने उसका मनोबल गिरा दिया है।

राजस्थान की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई में नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी।

चेन्नई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करने उतरेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन चेन्नई के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स ने तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार की जरुरत है। यह मैच सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर इसका फायदा मिलेगा। जहां तक राजस्थान रॉयल्स का सवाल है टीम जीत के लिए मैदान में उतरेगी। उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नही रहा है।

यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा। कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से उम्मीद है। अनुभाई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी राजस्थान को मजबूत बनती है। तेज गेंदबाजी आवेश खान हालांकि पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी भरपाई वह इस मैच में करने का प्रयास करेंगे।

### चेन्नई सुपर किंग्स टीमें इस प्रकार है:-

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरवेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोइन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रवींद्र जड़ेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश थीक्षाना, समीर रिजवी।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नंद्रे बर्गर, तनुश कोटियन, केशव महाराज।

## आचार संहिता उल्लंघन पर एक मैच के लिए निलंबित हुए ऋषभ पंत



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिसका अर्थ है कि पंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, "दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने 07 मई, 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी। बयान में आगे कहा गया, चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का तीसरा अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 8 के अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स ने मैच रेफरी के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की। इसके बाद, अपील को समीक्षा के लिए बीसीसीआई लोकपाल के पास भेजा गया।

## किलियन एम्बाप्पे ने सीजन के अंत में पीएसजी छोड़ने की घोषणा की



**मार्सिले। एजेंसी**

फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे सीजन के अंत में फ्रेंच लीग 1 क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) छोड़ देंगे। एम्बाप्पे ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की, हालांकि इसके बाद वह कौन से क्लब से जुड़ेंगे, इसका खुलासा नहीं किया। एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ₹मैं आप सभी को यह बताना चाहता था कि यह पेरिस सेंट-जर्मेन में मेरा आखिरी साल है। मैं इसे आगे नहीं बढ़ाऊंगा और कुछ ही हफ्तों में रोमांच खत्म हो जाएगा।

मैं क्लब के लिए अपना आखिरी मैच रविवार को पार्क डेस प्रिंसेस में खेलूंगा। फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 2017 में मोनाको से ऋण पर पीएसजी में शामिल हुए थे और सीजन समाप्त होने के बाद 180 मिलियन यूरो के हस्तांतरण शुल्क पर आधिकारिक तौर पर क्लब के साथ जुड़ गए थे। टीम के साथ अपने सात वर्षों के दौरान, एम्बाप्पे ने क्लब को छह लीग खिताब और तीन फ्रेंच कप जीत हासिल करने में मदद की, उन्होंने क्लब के लिए 306 मैच खेले और 255 गोल किए। वह टीम के इतिहास में शीर्ष स्कोरर हैं।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बहुत सारी भावनाएं हैं, कई वर्षों में मुझे सबसे बड़े और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक का सदस्य बनने का मौका और बड़ा सम्मान मिला। उन्होंने कहा, इसने मुझे यहां पहुंचने, बहुत दबाव के साथ एक क्लब में अपना पहला अनुभव प्राप्त करने, एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने, इतिहास के कुछ सर्वश्रेष्ठ, कुछ महान चैंपियनों के साथ रहने की अनुमति दी। यह कठिन है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसकी घोषणा करना इतना कठिन होगा... लेकिन मुझे लगता है कि सात साल बाद मुझे एक नई चुनौती के लिए इसकी जरूरत थी। पीएसजी ने पहले ही इस सीजन का लीग 1 खिताब सुरक्षित कर लिया है और फ्रेंच कप फाइनल में पहुंच गया है।

### विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे रामित



**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी रामित टंडन ने शुक्रवार को काहिरा में चल रहे विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में विजयी शुरूआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। रामित ने पहले दौर के मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी फराज खान को 3-0 (11-1, 11-3, 11-3) से शिकस्त दी। दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी रामित ने यह मुकाबला केवल 13 मिनट में जीता। इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन, रविवार को दूसरे दौर में इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद एल्शोरबागी से भिड़ेंगे। इससे पहले पिछले रामित एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के तीसरे दौर तक पहुंचे थे, जहां उन्हें पेरू के विश्व नंबर 3 डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा था। रामित को एलियास ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया था। विश्व के 40वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के पहले दौर में मिस्र के विश्व के 62वें नंबर के अली हुसैन को और दूसरे दौर में फ्रांस के विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्राउइन को हराया था।

## कोपा अमेरिका : ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार



**रियो डी जनेरियो। एजेंसी**

स्टार फुटबॉलर नेमार को घुटने की चोट के कारण कोपा अमेरिका के लिए 23 सदस्यीय ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। नेमार ने अक्टूबर में अपने बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट और मेनिस्कस के टूटने के बाद से नहीं खेला है और 32 वर्षीय के संयुक्त राज्य अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की कोई संभावना नहीं है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम से बाहर हैं, जो अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे थे।

जैसा कि अपेक्षित था, प्रबंधक डोरिवल जूनियर ने अपनी 23 सदस्यीय टीम में रियल मैड्रिड जाने वाले पाल्मेरास के युवा फॉरवर्ड एंड्रिक को टीम में शामिल किया है। एंड्रिक, जो जुलाई में 18 साल के हो जाएंगे, ने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरूआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।

**कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम इस प्रकार है-**

**गोलकीपर :** एलिसन, एडर्सन, बेंटो।

**डिफेंडर :** डैनिलो, यान कूटो, गुइलहेम अराना, वेंडेल, बेराल्डो, मार्क्विनहोस, एडर मिलिटाओ, गेब्रियल मैगलहेस।

**मिडफील्डर :** एंड्रियास परेरा, ब्रूनो गुइमारेस, डगलस लुइज, जोआओ गोम्स, लुकास पाक्वेटा।

**फॉरवर्ड :** एंड्रिक, इवानिलसन, गेब्रियल मार्टिनेली, रफिन्हा, सविन्हो, रोड्रिगो, विनीसियस जूनियर।

## वाणिज्य

## खान सचिव ने खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली। एजेंसी**

खान सचिव वी. एल. कांथा राव ने शनिवार को राजधानी नई दिल्ली, स्थित संसद मार्ग में खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खान मंत्रालय और काबिल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल), खान मंत्रालय के तहत सीपीएसई, नाल्को, एचसीएल और एमईसीएल द्वारा गठित एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इसको विदेशों में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज संपत्तियों की पहचान, खोज, अधिग्रहण और विकास का महत्वपूर्ण मिशन सौंपा गया है। खान सचिव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राजधानी नई दिल्ली में काबिल का पंजीकृत कार्यालय खुलना एक बड़ी उपलब्धि है।

यह देश की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक खनिजों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कुशल और तेज कामकाज की सुविधा प्रदान करेगा। खान सचिव ने कहा कि काबिल भारत की खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयासों के एक नए युग का प्रतीक है। राव ने कहा कि उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ काबिल मेक इन इंडिया और विकसित भारत के उद्देश्यों के साथ संरेखित होकर महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में भारत की वृद्धि और आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत इस लक्ष्य को हासिल कर रहा है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 18 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली। एजेंसी**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.36 फीसदी बढ़कर 3,328 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.36 फीसदी बढ़कर 3,328 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान बैंक का एकल शुद्ध लाभ बढ़कर 3,311 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,782 करोड़ रुपये रहा था। फंसे हुए कर्ज के लिए कम प्रावधान के चलते उसका मुनाफा बढ़ा है। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अग्रिमों में 11.7 फीसदी की वृद्धि से बैंक का मुख्य शुद्ध ब्याज आय 14.38 फीसदी बढ़कर 9,437 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़कर 3.10 फीसदी हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 2.97 फीसदी था। इसके अलावा बैंक का संचयी शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13,797 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 8,512 करोड़ रुपये था।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. मणिमेखलाई ने कहा कि बैंक को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ऋण वृद्धि 11-13 फीसदी और जमा वृद्धि 9-11 फीसदी रहने की उम्मीद है।

## वैश्विक बाजार: सेंसेक्स 260 अंकों की बढ़त के साथ 72,664 पर बंद



**मुंबई। एजेंसी**

वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में दो दिन बढ़त और तीन दिन गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों के मुताबिक विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते लगातार तीन दिन गिरावट की मार झेल रहे घरेलू शेयर बाजार को सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली है। अक्षय तृतीया पर घरेलू दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी बाजार के लिए गोताखोर साबित हुए हैं और इन दोनों कंपनियों के शेयरों ने सेंसेक्स-निफ्टी को गिरावट से बाहर निकालने में अपनी ताकत दिखाई। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार होता दिखा।

सेंसेक्स 235.82 अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर खुला और 17.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,895.54 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 7.36 अंक ऊपर 22,483.20 पर खुला और 33.15 अंक टूटकर 22,442.70 पर बंद हुआ। सुस्त शुरूआत के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली दिखी। शुरूआती कारोबारी सेशन के बाद बाजार में निवेशकों ने अपने करीब 5.49 लाख करोड़ रुपये गंवा दिए। इस दौरान सेंसेक्स 601 अंक फिसलकर 73,294 पर खुला और 383.69 अंक टूटकर 73,511.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है.और 140.21 अंक टूटकर 22,302.50 के स्तर पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### जार टीम ने चौमहला में बांधे परिंडे



**चमकता राजस्थान /चौमहला-(रमेश मोदी)।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जिला झालावाड़ इकाई के तत्वाधान में लगातार दूसरे वर्ष चलाए जा रहे परिण्डे अभियान के तहत शनिवार को चौमहला में उपखंड कार्यालय, तहसील परिसर ,सीनियर स्कूल,पोस्ट ऑफिस, महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल एवं भवानी मंदिर ,व गंगधार में भी पक्षी जल पात्र , परिण्डे बांधे गए। इस दौरान मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने अपने उद्बोधन में जार के परिण्डे बांधो अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पत्रकारिता के साथ साथ जार टीम सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है जो समाज में एक विशेष सन्देश देता है। वहीं डीवाईएसपी कालूराम वर्मा ने भी जार के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर जार के प्रदेश उपाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा ने जार संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हम पत्रकारिता के साथ अपने सामाजिक सरोकारों के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर तहसीलदार जितिन जिनकर , थानाधिकारी नंदकिशोर वर्मा, ,भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन, पर्यावरण प्रेमी दशरथ पाण्डे,अशोक भंडारी, आदित्य कटारिया, धर्मेंद्र नीमा आदि के साथ जार जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष यशोवर्धन शर्मा,कोषाध्यक्ष दिलीप श्रंगी, जिला सचिव मुकेश पोरवाल, सचिव कमल सिंह परिहार, अमित अग्रवाल , तहसील अध्यक्ष रमेश मोदी,जिला मीडिया प्रभारी संस्कृति जैन, कार्यालय सचिव किशोर तंवर,सुरेश खामोरा, किशोर विश्वकर्मा, संजय जैन,मुकेश धनोतिया, अमजद अली व मुकेश शर्मा आदि जार पदाधिकारी मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कुमोद शर्मा ने किया।

### धौलपुर सायबर सैल पुलिस टीम द्वारा करीबन 10 लाख के 60 मोबाइल किये बरामद

- पुलिस अधीक्षक सुमित महेरडा ने मोबाइल मालिकों को लोटाएं फोन
- मोबाइल पाकर लोगों ने जताया पुलिस का आभार



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )** जिला धौलपुर में आज दिनांक 11/05/2024 को पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जिले में गुम हुए 60 मोबाइल लगभग 10 लख रुपए के साइबर सेल टीम धौलपुर आज कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा फोन मालिको को किये सुपुर्द, मोबाइल मालिको ने पुलिस का जताया आभार, सायबर सैल प्रभारी नरेन्द्र सिंह हैड कानि के नेतृत्व में राहुल कुमार कानि. की रही विशेष भूमिका साइबर सेल टीम का कार्य लगातार जारी रहेगा।

# नारी की आत्मनिर्भरता की पूंजी, भारत की समृद्धि की कुंजी : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रहित में मतदान कर भाजपा को विजयी बनाने का आवाह्न किया।

उन्होंने कहा कि 'स्वावलंबन नारी' सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा इसी संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रही है, लोकसभा क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली से हमारे प्रत्याशी मनोज तिवारी को मैं जीत की अग्रिम बधाई देती हूं।

मनोज तिवारी ने जहां भोजपुरी फिल्मों में एक सुपर स्टार के रूप में पहचान बनाई वहीं राजनीति में यह विकास के पर्याय बने। अभिनेता से नेता बने मनोज ने दिल्ली में पार्टी को मजबूत बनाते हुए पार्टी विचारधारा व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया और विकास को नया आयाम दिया।





आज भारत महिला नेतृत्व वाला विकास में दुनियां को दिशा दिखा रहा है। नारी शक्ति नये भारत की पथ प्रदर्शक बन रही है। महिलाएं हर क्षेत्र में अब नीति निर्धारण में भूमिका निभा रही है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा को समर्पित रहे हैं। आगामी पांच वर्ष नारी शक्ति की नई भागीदारी के होंगे। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाए जाने का उद्बोधन महिलाओं के विकास की उनकी सोच को दर्शाता हैं।

मोदी की नारी शक्ति को समर्पित योजनाएं महिलाओं के जीवन को आसान बना रही है। महिला सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए, बालिका जन्म को सुरक्षित किया गया, उसकी शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया, उसे रोजगार के उपलब्ध कराया गया ,मुद्रा लोन में महिलाओं को प्राथमिकता मिली, पीएम आवास योजना और जनधन में महिलाओं को स्वामित्व मिला। जेजेएम उज्जवला, शौचालय निर्माण, सुकन्या समृद्धि व सौभाग्य योजना का लाभ दिया गया।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में नारी शक्ति को सम्मान दिया, आने वाले वर्षों में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएगी, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, शिशुगृह बनेंगे, और भी बहुत से महिला सशक्तिकरण के कार्य होंगे।

कांग्रेस नेताओं द्वारा शक्ति का अपमान किया गया, प्रभू श्री राम को काल्पनिक बताया गया, दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के मंत्री और मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त है। इंडी गठबंधन के वादे, बातें,और नीयत सब कुछ फेक है।

मुझे भी सदन में मनोज तिवारी के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आप सदन में जनता की पूरजोर आवाज बने, यदि हम विकास की बात करें तो आप देंखे क्षेत्र में यहां सिग्नेचर ब्रिज का काम पूरा हुआ, हर्ष विहार की ट्रांसमिशन केन्द्र की क्षमता बढाई गई, गोकलपुर में सीवर पाईप लाइन डलवाई गई, फ्लाईओवर का निर्माण हुआ, पार्कों का निर्माण कार्य हुआ, यमुना विहार में डाकघर पासपोर्ट केन्द्र खोला गया, सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए, हाई मास्ट लाइटें लगवाई गई, खजूरी खास में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हुआ, मुकुंदपुर में मेट्रो फेस-4 का काम जारी है, तिमारपुर में 1 हजार परिवारों को बेघर होने से बचाया ओपन जिम बनवाए, यमुना रिवर फ्रंट बनाने का काम हुआ आदि।

आपने, अपने जनप्रिय नेता को हमेशा अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया है मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी यहां की जनता विकसित भारत के निर्माण के लिए मनोज को भारी मतों से जीताकर अपनी भूमिका निभाएगी।

# भाजपा शासन में अपराधियों की शरणस्थली बना प्रदेश

चमकता राजस्थान। अत्री कुमार दाधीचि

**जयपुर।** प्रदेश में पिछले चार माह में अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है , प्रदेश में हर रोज़ अपहरण एवं गैंग रेप की वारदात हो रही है ,भाजपा सरकार में प्रदेश अपराधियों की ऐशगाह बनता जा रहा है ,सीमावर्ती प्रदेशों के अपराधी यहाँ अपराध कर आराम से प्रदेश से रुखसत हो जाता है कई अपराधियों ने तो प्रदेश को अपनी शरणस्थली बना लिया है विगत 4 महीनों में कई ज़िलों के जंगलों में प्रतिबंधित संगठनों की ट्रेनिंग केंद्र तेज़ी से बढ़ रहे हैं प्रदेश में बढ़ते अपराधों का रोना रोकर सत्तासीन हुई भाजपा अपराधों में लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है ,वर्तमान में सरकार चुनाव से अभी तक उबर नहीं पाई है प्रदेश में रोज़ाना महिलाओं के उत्पीड़न एवं अन्य अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है इसके अतिरिक्त चोरी नक़बजनी,राहजनी की घटनाओं में पूर्व की अपेक्षा 5% की बढ़ोतरी हुई है पुलिस विभाग बढ़ते अपराध पर आँख मूँद कर बैठा है, विभाग में हालांकि नफरी न के बराबर है जो नफ़री मौजूदा है वह नेताओं की सुरक्षा व आए दिन होने वाली धार्मिक यात्रा के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं में मशगूल रहता है ,बताया जाता है कि प्रदेश में 15 लाख नफ़री की आवश्यकता है लेकिन पिछले 15 वर्षों में नौकरी का नोटिफिकेशन तो जारी होता है लेकिन किसी कारणों से स्थगित हो जाता है बढ़ते अपराधों का करण नौकरी की कमी को भी माना जा रहा है ,हालाँकि केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए राज्य सरकार भी नौकरी बढ़ाने में अपनी कोई रुचि नहीं दिखा रही है इसके अलावा कई थानों में बरसों से जमा स्टाफ़ भी अपराधों में बढ़ोतरी का कारण है!

## डूंगरपुर में भाई संग जा रही युवती का अपहरण कर, तीन बदमाशों ने स्कूल में किया गैंग रेप

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** मंगेतर को लेने जा रही युवती का कार सवार तीन युवकों ने अपहरण कर लिया तीनों उसे सरकारी स्कूलों में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया ,बाद में पीड़िता को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर छोड़कर फ़रार हो गए। मामला डूंगरपुर ज़िले के बीछीवाडा थाना क्षेत्र का है बदमाशों ने इको कार में युवती का अपहरण कर लिया। युवती ने भी बीछीवाडा थाना में मामला दर्ज कराया है उसका कहना है कि उसकी सगाई हो चुकी है वो चचेरे भाई के साथ बाइक से मंगेतर को लेने के लिए बीछीवाडा बस स्टैंड जा रही थी इसी दौरान बाइक का टायर पंचर हो गया चचेरा भाई बाइक लेकर आगे आगे पैदल चल रहा था इसी दौरान पीछे एक कार में 3 युवक आए और अगवा कर ले गए ,बाद में तीनों युवक उसे सरकारी स्कूल में ले गए जहां उन्होंने उसका गैंग रेप किया पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बनारस से पधारे डा.गजेन्द्र कुमार पांडेय ने नेटथियेट पर गाई कबीर बानी

यह संसार कागद की पुड़िया, बूंद पड़े घुल जाना है
कहत 'कबीर सुनो भाई साधो, सतुगरु नाम ठिकाना है ॥

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मस्त मौला कबीर वाणी कार्यक्रम में बनारस घराने के पंडित अनूप मिश्रा जी से दीक्षित गायक डॉ गजेंद्र कुमार पांडेय ने अपनी मधुर वाणी से कबीर वाणी की ऐसी सरिता प्रवाहित की, कि सभी श्रोता मदमस्त हो भक्ति रस में हिलोरे लेने लगे।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि डॉ गजेंद्र पांडेय ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत उड़ जाएगा हंस अकेला,जग दर्शन का मेला, से की। इसके बाद कबीर भजन रहना नहिं देस बिराना है, यह संसार कागज की पुड़िया, बूंद पड़े घुल जाना है और साधो, देखो जग बौराना। सुनाकर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं । डॉ गजेंद्र ने कबीर की वाणी के तहत जब जरा धीरे-धीरे गाड़ी हांको, मेरे राम गाड़ी वाले भजन सुनाया तो दर्शक मंत्र मुग्ध हो भक्ति रस में भीगते चले गए । इसके बाद उन्होंने मैं वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे म्हारे सतगुरु आंगन आया और बोले में काया में सुगनवा बड़ा लहरी, जैसे कबीर के दोहे और भजनों को एक के बाद बड़े ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। डा. गजेन्द्र के साथ तबले पर मेराज हुसैन ने अपनी लगीं और तिहाई से तथा वायलिन पर गुलजार हुसैन की उंगलियों के जादू ने असरदार संगतकर कबीर वाणी की इस सुरीली शाम को यादगार बना दिया '

कार्यक्रम की उद्घोषणा प्रसिद्ध रंगकर्मी दीपक भारद्वाज ने की ।

कार्यक्रम संयोजन नवल डांगी, प्रकाश एवं कैमरा संचालन मनोज स्वामी और संगीत संचालन सागर गढ़वाल ने कुशल पूर्वक किया। अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की मंच सज्जा ने कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए।

### खोले के हनुमानजी में हुआ कमल किशोर पारीक का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में कार्यरत कमल किशोर पारीक का सेवानिवृति कार्यक्रम खोले के हनुमानजी में आयोजित किया गया ! आयोजित कार्यक्रम में परिजनों के अलावा निर्माण विभाग के कई आला अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित कई लोग उपस्थित हुए ,कार्यक्रम में मुकेश शर्मा अपने मित्रों के साथ शामिल हुए तथा उन्हें सेवानिवृत्ति की बधाई प्रदान की।

# बेटे वैभव की हार के डर से बौखलाए गहलोत, कांग्रेस में नहीं मिल रहा सम्मान तो दे रहे संघ और भाजपा विरोधी बयान: घनश्याम तिवाड़ी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के राष्ट्र विरोधी बयान और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के खिलाफ दिये गये बयान पर पलटवार किया। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खास रणनीति के तहत मणिशंकर अय्यर और सैम पित्रोदा जैसे लोगों को अपना प्रमुख प्रवक्ता बनाया है। ये प्रवक्ता भारत को तोड़ने और कमजोर करने वाले बयान देते हैं। वहीं दूसरी और पाकिस्तान को मजबूत राष्ट्र बताकर भारत को ही धमकाने का काम करते हैं। इन प्रवक्ताओं का मकसद विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहित करके वोट बंटोरना है।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती है। इन नेताओं की मदद से कांग्रेस पाकिस्तान को मजबूत बताकर देश में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करती है। ये सब एक दिन में अचानक नहीं होता बल्कि ये एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जाता है। इसके बाद जैसे ही इन बयानों पर देश में विरोध होता है तो कांग्रेस खुद को इन बयानों से दूर रखकर किनारा कर लेती है। इन दोनों प्रवक्ताओं का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता का प्रदर्शन करते हैं। कल प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ को लेकर जो व्यक्तव्य दिया वह गहलोत की हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ देश में लोकमत परिष्कार का काम कर रही है, और निःस्वार्थ भाव से किया गया यह काम अपने आप में बड़ा काम है।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि अशोक गहलोत की यह खीज और हताशा साफ दर्शाती है, कि उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने गहलोत को सम्मान नहीं दिया। जब वे रायबरेली राहुल गांधी के नामांकन में जा रहे थे तो कांग्रेस ने उन्हे वापिस बुलाकर अमेठी भेज दिया। खुद के घर के झगड़े का गुस्सा भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं। मोदी की गारंटी केवल एक व्यक्ति की गारंटी नहीं है, बल्कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की गारंटी है। आज बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा को कोई सानी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहले राउंड में अपनी पराजय पहले ही मान ली थी, इसलिए कांग्रेस पार्टी के लोग मतदान करने नहीं आए। कांग्रेस के पोलिंग बूथ खाली रहे, और भाजपा के प्रत्येक बूथ पर पूरा मतदान हुआ। चुनाव परिणाम आने पर तस्वीर साफ होगी और यह स्पष्ट है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। वहीं कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929